हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 3 दिसंबर 2025











न्यु ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी

प्रवेश सूचना (MQ)
प्रिज्म कॉलेज ऑफ फार्मेसी
Mahkakhurd, Utai-Ganiyari Road
डी. फार्मेसी (दो वर्षीय डिप्लोमा)
MQ Seat- 9 Seats (4UR, 1OBC, 1SC, 3ST)
पात्रता- 12वीं गणित/ बायो (PPHT अनिवार्य नहीं)
On the Spot Admission
मैनेजमेन्ट कोटा हेतु अंतिम तिथि : 06/12/2025
महकाखुर्द, उतई-गनियारी रोड
9669215944, 9329816422

## दुर्ग में 12, बेमेतरा में 65 और बालोद में 52 उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट पहुंचा

# बफर लिमिट के दायरे में 129 धान उपार्जन केंद्र, अब तक शुरू नहीं हो पाया उठाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के अंतर्गत धान खरीदी 15 नवंबर से तीन जिलों में शुरू की गई है। खरीदी के 17 दिनों बाद धान उठाव शुरू नहीं हो पाया है। जिसकी वजह से 129 धान उपार्जन केंद्र बफर लिमिट के दायरे में आ गए हैं। दुर्ग जिले में 12, बेमेतरा जिले में 65 और बालोद जिले के 52 उपार्जन केंद्र बफर लिमिट में पहुंच चुका है। तीनों जिले में 334380 मीट्रिक टन धान खरीदी हो चुकी है। हाल यह है कि अभी तक धान उठाव के लिए एक भी डीओ कटा नहीं है जिससे परिवहन शुरू हो सके। हालांकि मिलरों से धान उठाव के लिए अनुबंध हुए हैं।

### बफर लिमिट का नियम

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए तीनों जिले में धान उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। किसी केंद्र में 7 हजार क्विंटल तो किसी केंद्र में 8 हजार क्विंटल या इससे अधिक क्विंटल धान रखने की क्षमता है। यदि तय लिमिट से ज्यादा धान उपार्जन केंद्र में रख रहे हैं तो यह बफर लिमिट के दायरे में आता है। बफर लिमिट होने पर तत्काल डीओ, टीओ का आदेश जारी किया जाता है। लेकिन मौजूदा स्थिति यह है कि डीएमओ कार्यालय से एक भी आदेश जारी नहीं हुए हैं।



तीनों जिले में खरीदी की स्थिति

| जिला | उपार्जन केंद्र | धान खरीदी |
|---|---|---|
| दुर्ग | 102 | 87568 मीट्रिक टन |
| बालोद | 143 | 107105 मीट्रिक टन |
| बेमेतरा | 129 | 39707 मीट्रिक टन |

### दुर्ग जिले के इन केंद्रों में 10 हजार क्विंटल से अधिक धान

अंडा उपार्जन केंद्र 14747 क्विंटल, अहिवारा उपार्जन केंद्र 10340 क्विंटल, औंधी 14788 क्विंटल, कुम्हली 10544 क्विंटल,कुर्मीगुंडरा 11953 क्विंटल, केसरा उपार्जन केंद्र 13316 क्विंटल, कोड़िया उपार्जन केंद्र 12873 क्विंटल, जामगांव आर 15353 क्विंटल, झीट 10676 क्विंटल, डीड़ाभाठा 17271 क्विंटल,डोड़की उपार्जन केंद्र 14894 क्विंटल, तर्रा 10447क्विंटल, देवरी 10774 क्विंटल, धमधा 11129 क्विंटल, दमोदा 10211 क्विंटल, नगपुरा 12806क्विंटल, निपानी 12296क्विंटल, फेकारी 12006 क्विंटल, फुंडा 17072क्विंटल, बटरेल 18192क्विंटल, बठेना 12258 क्विंटल, बरहापुर 10132क्विंटल, बोरी 10327 क्विंटल, भेड़सर 11675क्विंटल, मर्रा 11297 क्विंटल, मातरा 10609 क्विंटल,मोहरेंगा 10562 क्विंटल, सुरपा 13488 क्विंटल, सेलूद 10942क्विंटल, सोनपुर 11178क्विंटल ।

### 87 मिलरों से उठाव का हुआ अनुबंध

दुर्ग जिले में 150 मिलर्स हैं लेकिन 87 मिलरों से ही धान उठाव के लिए अनुबंध किया गया है। शेष मिलरों ने पिछले साल का धान उठाया लेकिन मीलिंग का चावल जमा नहीं किया। जिसकी वजह से अब तक उन्हे परिवहन पात्रता नहीं मिली है। जिन खरीदी केंद्रों में धान खरीदी 10 हजार से पार हो गई है ऐसे केंद्रों में परिवहन जल्द शुरू करने की तैयारी की गई है।

### ये धान उपार्जन केंद्र बफर लिमिट के दायरे में

**केस 1**

#### बटरेल में 18192 क्विंटल धान खरीदी

दुर्ग जिले के बटरेल उपार्जन केंद्र में धान खरीदी बफर लिमिट से पार हो गई है। यहां अब तक 18192 क्विंटल धान खरीदी कर ली गई है। मोटा धान 6400 क्विंटल , पतला धान 5291 क्विंटल और सरना धान 6501 क्विंटल खरीदी गई है।

**केस 2**

#### डीड़ाभाठा में 17271 क्विंटल धान खरीदी

डीड़ाभाठा उपार्जन केंद्र में 17271 क्विंटल धान खरीदी की गई है। इस उपार्जन केंद्र में बफर लिमिट पार हो गई है। मोटा धान 3930 क्विंटल, पतला धान 3863 क्विंटल और सरना धान 9477 क्विंटल खरीदी गई है। इस उपार्जन केंद्र में एक भी बोरा धान नहीं उठाव हुआ है।

**केस 3**

#### फुंडा उपार्जन केंद्र में 17072 क्विंटल खरीदी

फुंडा उपार्जन केंद्र भी बफर लिमिट के दायरे में हैं। इस केंद्र में अब तक 17072 मीट्रिक टन धान खरीदी हो चुकी है लेकिन उठाव नहीं। मोटा धान 3606 क्विंटल, पतला धान 2724 क्विंटल और सरना धान 10740 क्विंटल खरीदी गई है।

**केस 4**

#### जामगांव आर उपार्जन केंद्र में 15353 क्विं.खरीदी

जामगांव आर उपार्जन केंद्र भी बफर लिमिट के अंतर्गत आ गया है। इस केंद्र में अब तक 15353 क्विंटल धान खरीदी की जा चुकी है। मोटा धान 3536 क्विंटल,पतला धान 5299 क्विंटल और सरना 6518 क्विंटल खरीदी गई है।यहां के लिए भी डीओ नहीं कटा है।

#### डीओ रायपुर से आएगा

हमने धान उठाव के लिए 87 राईस मिलरों से अनुबंध कर लिया है। जहां बफर लिमिट से ज्यादा धान है उसके लिए राज्य से डीओ कटेगा। एक -दो दिन में परिवहन शुरू हो जाये ऐसी कोशिश हमारी चल रही है।

-राहुल सिंह, डीएमओ दुर्ग

## खबर संक्षेप

### पुराने विवाद को लेकर चाकू से हमला, अपराध दर्ज

**भिलाई।** पुराने विवाद को लेकर सोसायटी कर्मचारी और संचालक पर चाकू से हमला किया गया। इस मामले में पुलिस ने रोशन सोनवानी, धनराज, दद्दू और अमर के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 118 (1), 296, 3(5), 351(3) का अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया है। मामला पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र का है। ग्राम देवबलौदा गांधी नगर निवासी टी प्रवीण उम्र 22 वर्ष पिता टी सत्यनारायण ने पुलिस को शिकायत में बताया कि 30 नवंबर को रात्रि करीब 10 बजे बाजार चौक स्थित राकेश होटल में गया हुआ था। वापस लौटते समय दुर्गा मंच के पास पहुंचा ही था कि रोशन सोनवानी ऊर्फ चिंगरा एवं उनके तीन दोस्तों ने रास्ता रोक लिया। इस दौरान प्रार्थी से कहा गया कि तुम ने हमारे साथी आनंद के साथ मोबाइल चोरी का आरोप लगाकर मारपीट किए थे। कुछ देर बार प्रार्थी के साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया गया। धनराज और अमर ने हाथ पकड़ा था। इस दौरान रोशन सोनवानी अपने पास रखे चाकू से हमला कर दिया।

## सरकारी खातों के पैसों से लोन चुकाया, बाइक खरीदी 26 लाख का हेरफेर, केस दर्ज

### उतई पुलिस ने आरोपी कनिष्ठ सहायक को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उतई के शासकीय मद के जननी सुरक्षा योजना एवं जीवनदीप समिति बैंक खाता से 2606057.64 रुपए गबन मामले में उतई थाना पुलिस ने कनिष्ठ सचिवीय सहायक (जेएसए) किरण भारत सागर उम्र 39 वर्ष राजीव नगर दुर्ग को गिरफ्तार किया है। उस पर सरकारी राशि का उपयोग अपने लोन को चुकाने में किए जाने का आरोप है। आरोपी महिला के खिलाफ बीएनएस की धारा 316(5), 318(4) के तहत अपराध दर्ज करते हुए न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने आरोपिया के कब्जे से बाइक, मोबाइल, बैंक खाता, चेकबुक एवं पैनकार्ड जब्त किया है।



जानकारी के अनुसार विगत 1 दिसंबर को नारायण लाल बंजारे बोरसीभाठा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि माह अक्टूबर 2025 में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उत्तई के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेन्द्र मोलन ने किरण भारत सागर कनिष्ठ सचिवीय सहायक के विरुद्ध वित्तीय एवं लेखा संबंधी अनियमितता के संबध में पत्र खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र, निकुम जिला दुर्ग को प्राप्त होने पर जांच समिति गठन किया। जांच समिति द्वारा जांच रिपोर्ट में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उतई के जीवनदीप समिति एवं जननी सुरक्षा योजना के शासकीय खातों में 2606057.64 रुपए राशि का अनियमितता आहरण कर कनिष्ठ सचिवीय सहायक (जेएसए) किरण भारत सागर द्वारा अपने स्वंय के बैंक खाता एवं परिचितों के नाम पर अंतरण किया गया है। इसका सत्यापन बैंक से प्राप्त खाता स्टेटमेंट के आधार पर किया गया। रिपोर्ट पर थाना उतई में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। प्रकरण की विवेचना के दौरान आरोपिया कनिष्ठ सचिवीय सहायक किरण भारत सागर को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उत्तई के शासकीय मद से गबन एवं धोखाधड़ी करना स्वीकार किया। इस राशि को 4 लाख रुपए बजाज फाइनेंस, 5 लाख रुपए नवी फाइनेंस, 1 लाख रुपए यूनिटी बैंक, 1 लाख 40 हजार रुपए मनी व्यू लोन कंपनी, 60 हजार रुपए ग्रामीण कूट बैंक, 70 हजार रुपए श्रीराम फायनेंस, 40 हजार रुपए सिम्स प्रायवेट कंपनी में अपने लिये गये ऋण में जमा करना बताई। इसी प्रकार उक्त राशि से एक बाइक टीव्हीएस को क्रय करना तथा 2,88,000 रुपए जननी सुरक्षा योजना एवं जीवनदीप समिति में जमा करना स्वीकार की। आरोपिया किरण भारत सागर से बैंक ऑफ इंडिया के खाता का पासबुक, चेकबुक एवं पेनकार्ड, मोबाइल जब्त कर रिमांड पर भेजा गया है।

## गाली-गलौज कर ढाबा में मचाया हंगामा, दो गिरफ्तार, एक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

भाई को गाली देने की बात करते आरोपियों ने ढाबा में हॉकी स्टीक व चाकू लहराकर हंगामा किया। रिपोर्ट पर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अन्य की तलाश जारी है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दुर्ग निवासी शाहरूख, इजू इरानी, मुंसिफ खान उर्फ अद्दू पटेल एवं मुकेश सभी प्रार्थी द्वारा संचालित हाईवे ढाबा देवादा में आए और फोन में मेरे भाई को गाली दिए हो कहकर गाली-गलौज कर रहे थे। शाहरूख अपने हाथ में हॉकी स्टीक तथा इजु इरानी अपने हाथ में चाकू रखा था। गाली-गलौज कर ढाबे में हंगामा कर चाकू एवं हॉकी स्टीक लहराते हुए कुछ देर तक ढाबा में घूमे-फिर चले गए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर उक्त चारो के विरुद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य फरार है।

**चाकू-मोपेड जब्त, आरोपी जेल दाखिल:** इस मामले में पुलिस टीम गठित कर आरोपी मुंसिफ खान उर्फ अद्दू पटेल एवं शाहरूख हुसैन को हिरासत में लेकर पूछताछ किया, जो अपने दो अन्य फरार साथियों के साथ घटना करना स्वीकार किया। आरोपी मुंसिफ खान उर्फ अद्दू पटेल एवं आरोपी शाहरूख हुसैन से घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू एवं मोपेड को जब्त किया गया है। आरोपी शाहरूक हुसैन 25 साल निवासी कसारीडीह, मुंसिफ खान उर्फ अद्दू पटेल 21 साल निवासी कसारीडीह को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल दाखिल किया गया है। मामले में अन्य आरोपी इजू इरानी एवं मुकेश फरार है।

## सामाजिक बैठक में एसिड और ब्लेड से हमला, तीन घायल, 6 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सिद्धार्थ नगर में सोमवार रात उस वक्त हंगामा मच गया जब एक सामाजिक बैठक के दौरान कुछ लोगों ने गालीगलौज करते हुए मारपीट की और एसिड फेंक दिया। हमले में तीन लोग घायल हुए। इससे आक्रोशित मोहल्ले के लोगों ने कोतवाली थाना का घेराव कर दिया। कोतवाली पुलिस ने तीन महिलाएं, दो नाबालिग बालिका सहित 6 आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार सिद्धार्थ नगर काली मंदिर के पास गलि में मोहल्लेवासियों ने सामाजिक बैठक आयोजन किया था। इस दौरान जब लोगों को असामाजिक कार्यों से दूरी बनाए रखने की समझाईश दी जा रही थी तो माहौल गरमा गया। हरिशंकर मनहरे ने पुलिस को शिकायत में बताया कि मोहल्ले में रहने वाला 53 वर्षीय संजोग सूर्या और उसकी बेटियां पलक, दीक्षा तथा उनकी दो सहेलियां पलक ठाकुर और भुरी उर्फ आयशा लंबे समय से अमर्यादित कार्यों की वजह से विवादों में थीं। मोहल्ले के लोगों ने कई बार समझाने की कोशिश की। इसके बाद एक दिसंबर को काली मंदिर प्रांगण में समाज की बैठक रखी गई थी। बैठक के



दौरान आरोपियों ने गंदी गालियां देना शुरू कर दिया और अचानक हमला कर दिया। हाथ मुक्कों के साथ नुकीली चीज से मारपीट की गई। इसके बाद एसिड फेंका गया जिससे हरिशंकर मनहरे के पेट और सिर के पीछे जलन व चोट आई। साथ ही निलेश साण्डेकर की दाहिनी आंख और सोनी कुंडे की बायीं आंख में दर्द और जलन हुई। पुलिस ने बीएनएस की धारा 296, 351(3), 115(2), 191(2), 124(2), 133 के तहत मामला दर्ज कर सिद्धार्थ नगर दुर्ग निवासी संजोग सूर्या उम्र 53 वर्ष, दिक्षा सूर्या उम्र 18.2 वर्ष, 03. आयशा कास्या उर्फ भूरी उम्र 18.3 वर्ष निवासी वार्ड 34 काली मंदिर के पास दुर्ग, राजीव नगर दुर्ग निवासी पलक ठाकुर उम्र 18 वर्ष और दो नाबालिग बालिका को गिरफ्तार करते हुए रिमांड पर भेजा है।

## बाइक चोरी करने वाला पकड़ाया, भेजा जेल

**भिलाई।** सुपेला थाना पुलिस ने त्रिनयन एवं सशक्त एप के माध्यम से बाइक चोरी के आरोपी को पकड़ने में सफलता पाई है। आरोपी के कब्जे से 4 बाइक बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया। जानकारी के अनुसार प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि विगत 27 नवंबर को को उसकी बाइक क्रमांक सीजी 05 एसी 4637 को एयरटेल कपंनी आकाश गंगा सुपेला के पास से कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर लिया है। विवेचना दौरान त्रिनयन एवं सशक्त



एप के माध्यम से जुड़े घटना स्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरा के आधार पर संदेही सेक्टर-5 भिलाई निवासी एम देवा रेड्डी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया। आरोपी से एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी-05-एसी-4637, सीजी-07-सीटी-4475 3. सीजी-07-एएल-2098 4. सीजी-07-एलएफ-7998 को जब्त कर रिमांड पर भेजा गया है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

### प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 30.2 डिग्री दुर्ग में

# सुबह घने कोहरे के आसार, पारा सामान्य से 1.2 डिग्री नीचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

चक्रवाती तूफान दितवाह अब कमजोर पड़ने लगा है। जिसकी वजह से मंगलवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.2 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया। वहीं अधिकतम तापमान भी सामान्य से 2.3 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। प्रदेशभर में दुर्ग जिले का अधिकतम तापमान 30.2 डिग्री सेल्सियस सबसे ज्यादा रहा है। न्यूनतम तापमान 13.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इस हालात की वजह से बुधवार की अलसुबह घना कोहरा छाया रहेगा। बाद में आसमान साफ हो सकता है।



**पूरे दिन चलती रही सर्द हवाएं :** मंगलवार की सुबह आसमान पर बदली छाई हुई थी और सर्द हवाएं कंपकंपा रही थी। सुबह 8 बजे के बाद ही धूप खिली और आसमान से बदली छंटी। उसके बाद मौसम साफ हुआ। वहीं पूरे दिन सर्द हवाएं भी चलती रही। शाम को फिर से मौसम और सर्द हो गया। जिसकी वजह से ट्विनसिटी के लोगों को ठंडी का ज्यादा एहसास होने लगा है। बिना गर्म कपड़े के लोग अपने घरों से नहीं निकल पा रहे हैं। यह स्थिति दिन में भी बनने लगी है।

#### ऐसा है सिनोप्टिक सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी, उत्तरी तमिलनाडु, पुडुचेरी और दक्षिणी आंध्र प्रदेश के तटों के आसपास के इलाकों में बना अवदाब (चक्रवाती तूफान दित्वा का अवशेष) पिछले 6 घंटों के दौरान 8 किमी प्रति घंटे की गति से धीरे-धीरे दक्षिण-दक्षिण-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ा और उत्तरी तमिलनाडु-पुडुचेरी तटों से लगभग 25 किमी दूर इसी क्षेत्र में केंद्रित रहा। इसके बाद, तट की ओर बढ़ते हुए, अगले 12 घंटों के दौरान इसके कमजोर होकर एक सुस्पष्ट निम्न दबाव वाले क्षेत्र में तब्दील होने की संभावना है।

#### बारिश हुई तो धान खरीदी पर संकट

जिस हिसाब से मौसम में व्यापक उतार-चढ़ाव आ रहा है उससे कभी भी बारिश होने की संभावना बन गई है। बारिश हुई तो धान खरीदी केंद्रों में दिक्कतें खड़ी हो जाएगी। इसलिए कि अब तक खरीदी केंद्रों में धान का उठाव शुरू नहीं हो पाया है। खुले में धान डंप हैं। सुरक्षा के लिए केवल पॉलिथीन के इंतजाम किए गए हैं। हर साल बेमौसम बारिश की वजह से धान उपार्जन केंद्रों में किसानों को असुविधाओं का सामना करना पड़ा है।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

# सरकारी दफ्तरों में अब से बायोमेट्रिक अटेंडेंस, कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले के सभी सरकारी दफ्तरों में अब बायोमीट्रिक पद्धति से ही उपस्थिति दर्ज होगी। इसे लेकर कलेक्टर अभिजीत सिंह ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक में सख्त निर्देश जारी किए। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति के रिकॉर्ड के लिए बायोमीट्रिक अटेंडेंस सिस्टम लागू किया जाना है। सभी कार्यालय प्रमुख अधिकारी अधीनस्थ कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारियों की जानकारी शीघ्र एनआईसी को उपलब्ध कराएं। साथ ही सिस्टम की जानकारी के लिए विभागीय कम्प्यूटर ऑपरेटर भी प्रशिक्षण के लिए एनआईसी भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले के विभिन्न कार्यालयों में शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत निष्क्रिय बैंक खातें जिसमें लंबी अवधि से लेन-देन नहीं किया जा रहा है, ऐसे खातों को सक्रिय खातों में परिवर्तित कर जानकारी जिला कोषालय को उपलब्ध कराएं, ताकि राशि का उपयोग अन्य मदों पर किया जा सके। कलेक्टर श्री सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित बैठक में अधिकारियों को उक्त निर्देश दिए। उन्होंने विभाग-वार लंबित समय-सीमा प्रकरणों की गहन समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## समय सीमा की बैठक में जनदर्शन में आई शिकायतों का टाइम से निराकरण करने की समीक्षा

### मतदाता पुनरीक्षण को लेकर लिया फीडबैक

कलेक्टर ने कहा कि जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण की कार्यवाही निरंतर जारी रखें। अंतिम तिथि का इंतजार किए बगैर कार्य समय से पूर्व पूर्ण करना सुनिश्चित करें। बीएलओ द्वारा प्रस्तुत कार्यवाही विवरण का संबंधित एईआरओ भली-भांति जांच करें। कलेक्टर सिंह ने समीक्षा के दौरान सीएमएचओ को सिकल सेल जांच का दायरा बढ़ाने और वय वंदन एवं आयुष्मान कार्ड पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय सहित समस्त शासकीय चिकित्सालयों में एंटी रेबीज वैक्सिन की उपलब्धता पर्याप्त होना सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी तहसीलदार और एसडीएम को संबंधित क्षेत्र के कोटवारों को शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए जमीन का सत्यापन कराने और वास्तविक स्थिति की जानकारी जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।



### होने वाले एग्जाम के लिए पिस्दा बनाए गए नोडल अधिकारी

कलेक्टर ने 7 दिसंबर को होने वाली जल संसाधन विभाग में भर्ती हेतु अमीन पटवारी परीक्षा की जिले में व्यवस्था के संबंध में नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर हितेश पिस्दा को समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूली बच्चों के बायोमीट्रिक अपडेट, आपार आईडी एवं जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने जिले के नगरीय निकायों एवं जनपद क्षेत्रों में विकास प्राधिकरण के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश किए। समीक्षा के दौरान खनिज अधिकारी ने बताया कि जिले में 24 माइनिंग लीज में से 22 का अपडेशन किया जा चुका है। इसी प्रकार खाद्य विभाग अंतर्गत 2 लाख 26 हजार राशन कार्ड का ई-केवाईसी होना शेष है।

## खबर संक्षेप

### जमीनों के रेट में वृद्धि, आम जनता को परेशान करना : अनुरुध वर्मा

**भिलाई।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे युवा मोर्चा दुर्ग संभाग अध्यक्ष अनुरुध वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कलेक्टर गाइडलाइंस के हिसाब से जमीनों की कीमत में 5 से 9 गुना बढ़ गई है। नई दरें लागू होने से रजिस्ट्री पहले से ज्यादा महंगी हो गई है। इसके चलते पूरे प्रदेश भर में जमीन से जुड़े कारोबारी व्यापारियों वर्गों को विरोध करना पड़ रहा है। नई दरें लागू होने से जमीनें महंगी हो गई हैं, इससे ये साबित होते है कि प्रदेश सरकार द्वारा आम जनता को परेशान कर उनके घर लेने और बनाने के सपनों को खत्म कर रही है। ऐसा करके सरकार ने आम जनता को नहीं बल्कि ब्लैक मनी रखने वालों को फायदा पहुंचाने का काम किया है। इससे हम नई कलेक्टर गाइडलाइन को वापस लेने की मांग सरकार से करते हैं।

### बीएसपी के चारों ओर 200 मीटर क्षेत्र ड्रोन निषेध क्षेत्र घोषित

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने उपमहानिरीक्षक सीआईएसएफ यूनिट बीएसपी भिलाई के पत्र और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर दुर्ग जिला अंतर्गत भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई की सुरक्षा की दृष्टिगत कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा जनसामान्य की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई के चारों ओर परिधि दीवार से 200 मीटर क्षेत्र को ड्रोन निषेध क्षेत्र घोषित किया है।

## जनता के सवाल : कब मिलेगा साफ पानी, कब सुधरेगी सफाई व्यवस्था

# बुनियादी सुविधाओं को तरस रहा राधिका नगर व मैत्री विहार, टूटी सड़कें व गंदी नालियां पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

वार्ड परिक्रमा

वार्ड 7 के राधिका नगर और मैत्री विहार में बुनियादी सुविधाएं बिगड़ती जा रही हैं। यहां के लोग जर्जर सड़कों, नालियों पर कब्जे, अधूरी नाली निर्माण और अंधेरे में डूबे तालाब जैसे रोजमर्रा के संकट से जूझ रहे हैं। नगर निगम भिलाई अंतर्गत राधिका नगर में कई जगह नालियों के ऊपर कब्जा कर लिया गया है। कहीं नाली के ऊपर निर्माण कर दिया गया, तो कहीं खाली जमीन पर भी लोग टिक गए। इसका सीधा असर सफाई पर पड़ रहा है। नालियां जाम होने के कारण बजबजाता रहता है। सफाई कर्मचारियों के लिए भी काम करना मुश्किल हो गया है। सड़कों की हालत भी अलग परेशानी है। स्लॉटर हाउस के पास की सड़क हो या अंदरूनी गलियां, ज्यादातर जगह सड़कें टूटी पड़ी हैं। बारिश में यहां चलना तक मुश्किल हो जाता है। गार्डन भी बदहाली में हैं। कुछ गार्डन की हालत ठीक है, लेकिन बाकी जगह घास-फूस और गंदगी फैली है। बच्चों के खेल क्षेत्र की हालत भी खराब है। शासकीय जमीन पर कब्जा भी लगातार बढ़ रहा है। कई लोगों ने ठेला और खोमचा लगाकर सार्वजनिक जमीन को घेर लिया है। इससे रास्ते संकरे हो रहे हैं और आम लोगों को परेशानी बढ़ रही है। स्थानीय लोग लंबे समय से इन समस्याओं के समाधान की मांग जनप्रतिनिधियों से कर रहे हैं, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं।

## वार्ड के उद्यान बदहाल, झूले हो चुके खराब, बच्चों के लिए खेलने के लिए नहीं जगह





### नहीं हो रही सुनवाई

ईश्वरदीन देवांगन और विजय खापर्डे ने बताया



कि नाली निर्माण को लेकर समिति और रहवासी लगातार विभागों के दरवाजे खटखटा रहे हैं। निगम आयुक्त और जनप्रतिनिधियों से लेकर कलेक्टर तक सभी को आवेदन दिए गए हैं। इतना ही नहीं, मामला आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के एलएसजी अनुभाग नई दिल्ली और संचालनालय नगरीय प्रशासन व विकास छत्तीसगढ़ तक पहुंच चुका है। हर जगह से आश्वासन मिलता है, लेकिन काम अब तक शुरू नहीं हो पाया। स्थिति यह है कि करीब 50 परिवार पानी भराव और गंदगी की समस्या से रोज जूझ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे हर महीने विधायक और पार्षद से मिलकर नाली निर्माण की मांग दोहराते हैं।

### वर्षों से विभागों के चक्कर लगा रहे लोग

मैत्री विहार में नाली निर्माण रुका



हुआ है और इसका सीधा असर स्थानीय परिवारों की रोजमर्रा की जिंदगी पर पड़ रहा है। विकास एवं कल्याण समिति के सह सचिव और विधिक सलाहकार अधिवक्ता संजय शाह ने बताया कि इलाके में नाली नहीं होने से बारिश और रोजमर्रा का पानी सीधे लोगों के प्लॉटों में भर जाता है। इससे विवाद की स्थिति बनती है और पड़ोसी एक-दूसरे से उलझने को मजबूर हो जाते हैं।

### लाइट लगाने की स्वीकृति सालों से अटकी

वार्ड के निवासी नितीन कुमार बाबा ने बताया कि दाऊबाड़ा तालाब क्षेत्र शाम



होते ही अंधेरे में डूब जाता है। कांग्रेस शासन के दौरान तालाब किनारे बिजली खंभा और लाइट लगाने की स्वीकृति मिली थी, लेकिन काम आगे नहीं बढ़ा। फाइलें ठंडी पड़ गईं और तालाब अब भी रोशनी से वंचित है। अंधेरा होते ही तालाब किनारे असामाजिक गतिविधियां बढ़ जाती हैं। यहां रोजाना कुछ न कुछ गड़बड़ी देखने को मिलती है और माहौल असुरक्षित महसूस होता है। तालाब की नियमित सफाई नहीं होती। कुछ दिन पहले बड़ी संख्या में मछलियां मर गई थीं, जिसके बाद निगम ने सफाई करवाई थी लेकिन हालत फिर वही है। पानी में गंदगी तैर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तालाब पर लाइट लगना और नियमित सफाई होना जरूरी है।

### फंडिंग की जरुरत, तभी विकास संभव

राधिका नगर आवासीय आवंटन की पहली कॉलोनी है। कई जगहों पर नाली पुरानी होने के कारण टूट चुके हैं। रेश्ने आवास नाला के पास बनी दीवार अधूरी है। इसके निर्माण के लिए फारेस्ट विभाग से से एनओसी ली जाएगी। मैत्री विहार, शिवाजी नगर, अयप्पा नगर, उल्लास नगर, दुर्गा नगर, आरक्षी नगर डेरा बस्ती भी जुड़ गया। इतने बड़े क्षेत्र में विकास के लिए अधिक फंडिंग की जरुरत है।

**-आदित्य सिंह,** पार्षद वार्ड-7, भिलाई

## महापौर बाघमार ने किया सड़क व नाली निर्माण का निरीक्षण



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र में आधारभूत संरचना सुदृढ़ करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए चर्च रोड से श्रमवीर चौक तक चल रहे डामरीकरण सड़क निर्माण एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। लगभग 1 करोड़ 44 लाख की लागत से हो रहे इस विकास कार्य को निगम की प्राथमिकता सूची में शामिल किया गया है, जिससे व्यस्त मार्ग पर यातायात सुगम हो सके और जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान मिल सके।

महापौर अलका बाघमार ने लोककर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर ने मौके पर पहुंचकर कार्य की प्रगति का विस्तार से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ एमआईसी लीना देवांगन, सदस्य ज्ञानेश्वर ताम्रकर, उपअभियंता हरिशंकर साहू, जितेंद्र राजपूत और निर्माण कार्य के ठेकेदार मौजूद थे। महापौर अलका बाघमार व देव नारायण चंद्राकर ने पहले सड़क की लेवलिंग, बेस, सब बेस और बिटुमिन की गुणवत्ता की जांच की और फिर नाली निर्माण के ढांचे, गहराई व आरसीसी की मजबूती का आंकलन किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क निर्माण में किसी भी प्रकार की गुणवत्ता से समझौता न किया जाए तथा कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप ही पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि यह सड़क शहर के अत्यधिक उपयोग वाले मार्गों में शामिल है, इसलिए निर्माण कार्य में सावधानी बरते जाने और जल्द से जल्द पूर्ण गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करने की आवश्यकता है।स्थल पर मौजूद अधिकारियों को महापौर अलका बाघमार ने कार्य में गति लाने, समयबद्धता का पालन करने तथा सुरक्षा मानकों का ध्यान रखने के निर्देश दिए। ठेकेदार को भी आवश्यकतानुसार श्रमिक और संसाधन बढ़ाने के लिए कहा गया, ताकि मौसम और यातायात की चुनौतियों के बीच कार्य सुचारू रूप से चलता रहे।

# लंबित उपादान और नियुक्ति प्रकरणों में तेजी वित्त समिति की बैठक में लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



नगर पालिक निगम दुर्ग में वित्त, लेखा एवं अंकेक्षण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी नरेंद्र बंजारे ने की, जिसमें समिति के सदस्य और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर देव नारायण चंद्राकर, विजयंत पटेल, सजान जोसेफ, अब्दुल खालिक, सावित्री दमाहे, मनोज सोनी, मनीष बघेल, संजय अग्रवाल, हिरोदी चंदनिया मौजूद थे।

बैठक में कर्मचारियों की उपादन, सेवानिवृत्ति, लाभ राशि तथा अनुकम्पा नियुक्ति से जुड़े लंबित मामलों की समीक्षा की गई। प्रभारी नरेंद्र बंजारे ने बताया कि कई कर्मचारियों की उपादन राशि प्रक्रियाधीन है, जिसके दस्तावेज़ों की जांच समिति द्वारा की जा रही है तथा शेष कर्मचारियों के प्रकरणों को जल्द निपटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य शासन से अनुमति प्राप्त होने के पश्चात अब मृत कर्मचारियों के पात्र निराश्रित परिवारों को अनुकम्पा नियुक्ति शीघ्र उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे प्रभावित परिवारों को आर्थिक संबल मिल सके। समिति सदस्यों ने चर्चा के दौरान स्पष्ट किया कि निगम की प्राथमिकता कर्मचारियों और उनके परिवारों के हितों को सुरक्षित रखना है। इसलिए सभी लंबित प्रकरणों को पारदर्शी और तीव्र प्रक्रिया के माध्यम से जल्द समाधान किया जाएगा। निगम प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि उपादन की राशि समयबद्ध तरीके से जारी होगी। पात्र परिवारों को अनुकम्पा नियुक्ति में विलम्ब नहीं होने दिया जाएगा।कर्मचारियों के हितों से जुड़ी हर नीति पर गंभीरतापूर्वक अमल किया जाएगा।

# राष्ट्रीय एड्स दिवस पर विद्यार्थियों को जागरुकता का दिया संदेश



दुर्ग। राष्ट्रीय एड्स दिवस के अवसर पर गवर्नमेंट वीवाईटी पीजी ऑटोनॉमस कॉलेज में एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में हुए इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं में एड्स के कारण, लक्षण, रोकथाम तथा इससे जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों को दूर करना था। विद्यार्थियों को बताया गया कि एड्स के प्रति जागरूकता ही इसका सबसे बड़ा बचाव है। उन्हें एचआईवी एड्स संक्रमण के फैलने के तरीके, सुरक्षित व्यवहार, रोकथाम के उपाय तथा आधुनिक उपचार विधियों पर जानकारी दी। अंत में सभी विद्यार्थियों ने समाज में एचआईवी एड्स से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने और

# मंत्री यादव ने किया बिरेझर उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

■ धान खरीदी को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

प्रदेश के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने दुर्ग जिले के बिरेझर स्थित उपार्जन केन्द्र पहुंच कर व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने किसानों से रू-ब-रू चर्चा कर अवगत कराया कि सरकार द्वारा किसानों के हित में धान खरीदी में पारदर्शिता लाई गई है। तुंहर टोकन की ऑनलाईन की व्यवस्था से किसानों को लाईन लगाना नहीं पड़ रहा है। राशि का भुगतान निर्धारित समयावधि में किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सकारात्मक प्रभाव पड़ा है और किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। किसानों ने मंत्री को अवगत कराया कि जिला प्रशासन द्वारा खरीदी केन्द्रों में बारदाना की उपलब्धता, इलेक्ट्रॉनिक तौल की व्यवस्था, पेयजल एवं विश्राम व्यवस्था, टोकन प्रणाली जैसे सुविधाएं सुनिश्चित की गई है। निर्धारित तिथि अनुसार किसान अपनी धान उपार्जन केन्द्रों में बेच रहे हैं। मंत्री श्री यादव ने किसानों को भरोसा दिलाया कि किसानों के हित में और भी बेहतर व्यवस्था का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने समिति प्रबंधक को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिये।

### हादसे में युवक घायल

**भिलाई।** कार की ठोकर से बाइक चालक युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार प्रार्थिया संध्या दीवान ने पुलिस को बताया कि पुत्र आशुतोष दीवान 29 नवंबर को अपने घर सेक्टर-1 भिलाई से कॉलेज के काम से दुर्ग की ओर जा रहा था। सेवन एम आई लव भिलाई चौक सेक्टर 5 के पास पहुंचा था, उसी समय कार सीजी 07 एमए 4389 का चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मार दी।




## लापता वाहनों की रियल टाइम जांच, सत्यापन में मदद करता है एप

# त्रिनयन और सशक्त एप को मिली राष्ट्रीय मान्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

■ आई गॉट कर्मयोगी पर किया गया शामिल



दुर्ग रेंज पुलिस के तकनीकी नवाचारों को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान मिली है। ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ने अपराध रोकथाम से जुड़ा ऑनलाइन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम डिजिटल टूल्स फॉर क्राइम प्रेवेंशन, त्रिनयन और सशक्त पेप को आई गॉट प्लेटफार्म पर जारी किया है। यह पूरा पाठ्यक्रम दुर्ग रेंज की पहल पर आधारित है।

आई गॉट कर्मयोगी भारत सरकार का ऑनलाइन प्रशिक्षण मंच है। इसका मकसद सरकारी कर्मचारियों की क्षमता बढ़ाना और उन्हें नए कौशल से लैस करना है। इस प्लेटफार्म पर प्रशिक्षण मॉड्यूल, मूल्यांकन और प्रमाणपत्र उपलब्ध हैं, जिन्हें अधिकारी और कर्मचारी पंजीकरण कर पूरा कर सकते हैं। दुर्ग रेंज ने पिछले कुछ वर्षों में तकनीक के सहारे पुलिसिंग को तेज और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। त्रिनयन ऐप की मदद से रेंज में मौजूद सभी सार्वजनिक और निजी सीसीटीवी कैमरों की लोकेशन और जियो टैगिंग एक ही जगह उपलब्ध हो जाती है।

किसी भी घटना के बाद पुलिस तुरंत आस-पास का फुटेज हासिल कर लेती है, जिससे जांच तेजी से आगे बढ़ती है। सशक्त ऐप चोरी और लापता वाहनों की रीयल टाइम जांच और सत्यापन में मदद करता है। इससे वाहन बरामदगी की प्रक्रिया पहले की तुलना में काफी तेज हुई है। खास बात यह है कि यह ऐप जल्द ही आम नागरिकों के लिए भी उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि लोग खुद भी अपने वाहन की स्थिति ऑनलाइन जांच सकें। इससे चोरी रोकथाम में बड़ी मदद मिलेगी। ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ने इन दोनों ऐप को स्मार्ट पुलिसिंग का आदर्श उदाहरण माना है और इन्हें राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण में शामिल किया है। पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग की पहल और नेतृत्व को इस उपलब्धि का आधार बताया गया है। उन्होंने इस मौके पर सभी पुलिस अधिकारियों और टीम को बधाई दी है।



**खबर संक्षेप**

### फार्चूनर कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज

**भिलाई।** सड़क हादसे में 12 वर्षीय बच्चे की मौत के मामले में अमलेश्वर थाना पुलिस ने फार्चूनर कार चालक के खिलाफ धारा 184, 106, 125, 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार हर्षित नियो सिटी अमलेश्वर निवासी फार्मा कंपनी में एरिया मैनेजर के पद पर कार्यरत वैभव शास्त्री उम्र 32 साल पिता रमेश चंद्र शास्त्री ने पुलिस को बताया कि 29 नवंबर दोपहर करीबन 2 बजे वे अपने घर हर्षित नियो सिटी से निकल कर सड़क पर पहूंचे थे। तभी देखा कि दो बच्चे टांकेश्वर साहू पिता रोहित साहू एवं प्रहलाद यदु पिता ईश्वर यदु दोनों एक ही साइकिल से अमलेश्वर तरफ से आ रहे थे। साइकिल को टांकेश्वर चला रहा था। जब हर्षित नियो सिटी के पास पहुंचे और डिवाईडर मोड़ के पास हर्षित नियो सिटी के तरफ आने लगे तभी मोतीपुर तरफ से आ रही फार्चूनर कार क्रमांक सीजी 08 एडब्ल्यू 9300 के चालक द्वारा तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए दोनों बच्चों को ठोकर मार दी। इससे दोनों बच्चे वहीं गिर गये। घायलों को उपचार के लिए रायपुर के वात्सल्य हास्पिटल व मेकाहारा ले गए। ईलाज के दौरान टांकेश्वर साहू की मृत्यु हो गई व प्रहलाद यदु घायल है जिसका ईलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि घटना के समय वे वहीं उपस्थित थे।

### श्रीमद भागवत का आयोजन ग्राम पाऊवारा में आज से

**उतई।** नौ दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का



आयोजन प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की धर्मपत्नी स्व. श्रीमती कमला देवी साहू व सहित परिवार के पूर्वजों के स्मृति में 03 दिसम्बर से ग्राम पाऊवारा (उतई ) में रखा गया है। इसमें कथावाचक लिमतरा आश्रम के संत निरंजन महाराज होंगे।

# संचार क्रांति का उपयोग कर पेशी की डेट दे उपतहसील, उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद जामगांव

उपतहसील जामगांव आर में 35 ग्राम के लोग राजस्व कार्य हेतु आते है। उपतहसील में दो अधिकारी अतिरिक्त तहसीलदार ममता टावरी और नायब तहसीलदार धर्मेंद्र श्रीवास्तव की सेवा शासन ने उपलब्ध कराई है। बहुत ही अनुभवी रीडर श्री सिन्हा की सेवा भी सतत मिलती है। किसान, विद्यार्थी और ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से आग्रह किया है कि केवल पेशी बताने के लिए चक्कर नहीं लगवाया जाए और उदारता बरतते हुए प्रकरण में अंकित मोबाइल नंबर वॉट्सएप पर सूचित कर संचार क्रांति के अनुरूप उपतहसील को अपडेट करते हुए पक्षकारों को लाभान्वित किया जाए। जिससे पक्षकारों की तन मन धन की बर्बादी रुक सके।

**अधिकारी नहीं मिलने पर परेशान होते हैं दूर दराज से आए पक्षकार**

उपतहसील जामगांव आर में राजस्व प्रकरण तासीर के हिसाब से पेशियां चलती है इश्तहार निकलती है गवाही भी होती है इन कानूनी प्रक्रियाओ के पालन में ग्रामीण किसान विद्यार्थी उपतहसील का उनके मनमाफिक सहयोग करते है। लेकिन उस समय परेशानी होती है जब दी गई पेशी की नियत तिथि पर अधिकारी नहीं मिलते अन्यत्र या अवकाश पर होते है। रीडर अगली तिथि देकर अपना कर्तव्य निभा लेते है।



**प्रकरण पंजीबद्ध करते समय अंकित किए जाते है मोबाइल नंबर**

उप तहसील जामगांव आर के अतिरिक्त तहसीलदार ममता टावरी ने भेंट में बताया कि प्रत्येक प्रकरण में प्रकरण पंजीबद्ध करते समय मोबाइल नंबर अनिवार्यतः अंकित किए जाते है जिससे आन लाइन पेशी की तिथि दिखता है। उपतहसील की इस उत्कृष्ट प्रणाली का लाभ उपभोक्ता इतना ही चाहते है अधिकारी की अनुपस्थित की स्थिति में पक्षकार को फोन या ऑनलाइन सूचना मिल जाए की अमुक तिथि पर अधिकारी नहीं यह पेशी अमुक तारीख को ली जाएगी। अधिकारी ने कहा कि प्रकरण त्वरित निपटाने का हर संभव प्रयास किया जाता है।

**टोकन समस्या से पीड़ित किसान उपतहसील पहुंचे**

नायब तहसीलदार धर्मेंद्र श्रीवास्तव के अन्यत्र प्रवास पर होने की स्थिति में रीडर श्री सिन्हा से मिलकर पक्षकार अपनी समस्या हल करने का प्रयास करते रहे। इसी बीच जामगांव आर के वरिष्ठ किसान अमृत चंद्राकर टोकन समस्या को लेकर अतिरिक्त तहसीलदार ममता टावरी को अपनी पीड़ा सुनाई और टोकन समस्या हल करने में अधिकारी भूमिका अदा करने की मांग की।

**पुराने ढर्रे की पेशी व्यवस्था को कोसते हुए लौटते है पक्षकार**

स्थानीय लोग काम व्यवस्था की दृष्टि से दूर दराज रहते है वहीं से 80 किलोमीटर 100 किलोमीटर दूर से आकर पेशी में उपस्थित होते है। एसे में जब अधिकारी नहीं मिलते और मात्र पेशी लेकर लौटते समय वे परेशान होते है और राजस्व विभाग की पुराने ढर्रे वाली पेशी व्यवस्था को कोसते है। उदास मन से घर लौट जाते हैं।

### सैकड़ों प्रभावित किसानों ने एसडीएम कार्यालय का घेराव किया

# पाटन में 132 के.वी. लाइन को लेकर किसानों का आक्रोश उभरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

132 के.वी. पाटन–अण्डा विद्युत लाइन निर्माण कार्य में उचित मुआवज़ा एवं शासनादेश के पालन की मांग को लेकर किसानों का आक्रोश खुलकर सामने आया। बड़ी संख्या में प्रभावित किसान पाटन एसडीएम कार्यालय पहुंचे और अपनी समस्याओं को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन प्राप्त करने नायब तहसीलदार पाटन भूपेन्द्र सिंह स्वयं उपस्थित रहे।

किसानों के मार्गदर्शन के लिए किसान नेता ढालेश साहू मौके पर उपस्थित थे। उन्होंने किसानों की ओर से स्पष्ट कहा कि जब तक शासनादेश 10 मार्च 2025 और केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड (सीवीबी) वर्ष 2025–26 की भूमि दरों का



पूरा पालन नहीं किया जाता, तब तक किसानों पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य थोपना अनुचित और अवैध होगा।

ज्ञापन सौंपने पहुंचे किसानों में ग्राम मंटग के सरपंच अमित हिरवानी, होमलाल, परसराम, देव निर्मलकर, किशन लाल, ग्राम बोदल से गोविंद यादव, हिरासिंग, छन्नू महिलागे, ग्राम मर्रा से जितेन्द्र, मोहित कुमार वर्मा, भीषम, राजेन्द्र कुमार, अरुण कश्यप असोगा , बालाराम साहू पुरई, मुकेश ढीमर, सुनील गोयल, कृष्ण कुमार गोयल सहित सैकड़ों प्रभावित किसान शामिल थे। किसानों ने आरोप लगाया कि मुआवज़ा निर्धारण की प्रक्रिया न तो पारदर्शी है और न ही किसानों को किसी भी प्रस्ताव की लिखित प्रति उपलब्ध कराई गई है।

किसानों ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी कि मुआवज़ा निर्धारण एवं पुनर्मूल्यांकन की संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण होने तथा किसानों को उनका विधिसम्मत मुआवज़ा मिलने के बाद ही 132 के.वी. लाइन निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए। किसानों ने कहा कि परियोजना के सर्वे, मार्ग-चयन और आपत्ति-निवारण की जानकारी अभी तक किसी भी किसान को उपलब्ध नहीं कराई गई, जबकि नियमों के अनुसार यह जानकारी सार्वजनिक होनी चाहिए। किसान नेता व ग्राम पंचायत मटंग सरपंच अमित हिरवानी ने कहा कि यह मुद्दा किसानों की आजीविका से सीधे जुड़ा है और किसी भी कीमत पर किसानों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। यदि प्रशासन ने समय पर आवश्यक कार्रवाई नहीं की, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

किसानों ने आज सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि वे अपनी मांगों को लेकर आगामी सोमवार को जिला कलेक्टर दुर्ग से मुलाकात कर विस्तृत ज्ञापन सौंपेंगे और उच्च-स्तरीय हस्तक्षेप सुनिश्चित करने की मांग करेंगे। इस दौरान मटंग,बोदल, मर्रा, फ़ेकरी के किसान मौजूद रहे।

## कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मिले पूर्व मंत्री साहू से



हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

काँग्रेस पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा चालये गए संगठन सृजन अभियान के तहत प्रदेश भर के 41 जिलों में जिलाध्यक्ष नियुक्ति के बाद दुर्ग जिले में आने वाले 3 संगठन जिलें के जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण से राकेश ठाकुर, भिलाई नगर से मुकेश चंद्राकर, दुर्ग शहर से धीरज बाकलीवाल मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त करने पूर्व केबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू के मीनाक्षी नगर दुर्ग निवास पहुंचे। जिला कांग्रेस दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने पुनः दायित्व प्रदान किए जाने पर कांग्रेस पार्टी एवं कार्यकर्त्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा उन पर दोबारा जताया गया विश्वास उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। इस दौरान पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने तीनों जिलाध्यक्ष को बधाई देते हुवे कांग्रेस की विचारधारा, संगठन की मजबूती और जनसेवा को सर्वोच्च रखते हुए पूरे समर्पण एवं निष्ठा के साथ कार्य करने शुभकामना प्रेषित किया। कांग्रेस जनों ने तीनो जिलाध्यक्ष सहित कांग्रेसजनों को मिठाई खिलाकर मुँह मीठा कराया और विश्वास जताया कि संगठनात्मक विकास, बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने, युवाओं और महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने सहित सभी प्राथमिकताओं पर तेज़ी से कार्य किया जाएगा।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश, मुकेश, धीरज ने बधाई एवं आशीर्वाद देने वाले सभी वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, सहयोगियों और शुभचिंतकों का विशेष धन्यवाद व्यक्त किया।

**निधन**

### एस. के. श्रीवास्तव

**भिलाई।** बी. एस. पी. रिसाली सेक्टर



विद्यालय के पूर्व व्याख्याता एस. के. श्रीवास्तव. का निधन मंगलवार को हो गया। अंतिम यात्रा 4 दिसंबर गुरुवार को उनके निवास क्वार्टर 4 बी, सड़क 42, सेक्टर 10 से निकलेगी अंतिम संस्कार सुबह 10:00 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। शोकाकुल लोगों में राहुल, मुकुल, अतुल, निधि एवं समस्त श्रीवास्तव परिवार शामिल हैं।

### कृष्णाबाई बंभोले

**उतई।** वार्ड 02 निवासी श्रीमती



कृष्णा बाई बंभोले पति स्व कोमल सिंह बंभोले (65 वर्ष) का मंगलवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 03 दिसंबर को सुबह 11 बजे निवास स्थान वार्ड 02 उतई से निकलेगी तथा स्थानीय मुक्तिधाम में अंत्येष्टि होगी। वे चंचल ज्वेलर्स के संचालक चंद्रकांत बंभोले, अमन बंभोले की मां, राजकुमार बंभोले,चिंतामणि बंभोले की भाभी ,नीरज बंभोले,जीवन बंभोले की चाची तथा विक्रम बंभोले, वासु बंभोले,शिवम् बंभोले और शुभम बंभोले की बड़ी मां थी।

**बिजनेस साइट**

## एलर्जिक बीमारियों और होम्योपैथिक चिकित्सक विज्ञानः डॉ. संजय मनवानी

**भिलाई।** एलर्जी एक ऐसा विषय है जिससे आज कोई भी अछूता नहीं है। यदि हम ध्यानपूर्वक अध्ययन करें तो एलर्जीक बीमारियों का समूह हर उम्र में मानव शरीर को प्रभावित करती है। बच्चों में एट्राफिक डरमेटाइटिस। बच्चों में एलर्जिक, ब्रान्काइटिस, टान्सिलाइटिस बार-बार सर्दी, छीकें होना। 3 वर्ष से 12 वर्ष तक को एलर्जिक अस्थमा। 12 से 50 वर्ष तक एलर्जीक अरटिकेरिया, एलर्जिक अस्थमा, एलर्जीक एक्जिमा ये सब प्रायः मौजूद होती हैं।

**एलर्जी है. क्या ?**

होम्योपैथी विज्ञान के अनुसार शरीर कि सस्विटिबिलिटी सेनसिटिवीटी का बढ़ जाना। जिसके कारण विभिन्न लक्षणों की उत्पत्ति ही एलर्जी कहलाती है। यहां पर ध्यान देने वाली बात ये है, कि एक ही घर में एक ही रहनी करनी में परिवार के सभी सदस्य रहते हैं और उसके बाद भी परिवार में किसी भी एक को ही ये एलर्जी की तकलीफ क्यों? एलोपैथी मेडिकल साइंस में श्वांस संबंधी एलर्जी के लिए मुख्यतः इसिनोफिल्स की मात्रा का खून में बंद जाना होता है पर भई से इसिनोफिल्स के बढ़ने के क्या कारण है? इसका उत्तर केवल होम्योपैथिक में मियाज्म की समझ से ही दिया जा सकता है।।

**मियाज्म है, क्या ? ये आता कहां से है ?**

इन सभी प्रश्नों का उत्तर मुझे मेरे विषय से बहुत दूर और गहराई पर ले जा सकता है। इस कारण केवल एक बात याद रखें कि मुख्यतः एलर्जीक बीमारियों के पीछे ट्यूबरकुलर मियाज्म (सारो साइकोटिक, सोरोशिफिलिटिक, साइको सिफिलिटिक मियाज्म) होते हैं जिसके कारण शरीर



की ससपेटिबिलिटी बढ़ती है। मतलब हमारी प्रतिरोधक क्षमता का हास होता है। इस तरह एलजीक दशाएं संपूर्ण शरीर के सिक (बीमार) होने को प्रदर्शित करती है। इस कारण होम्योपैथिक में इसका इलाज संपूर्ण केसटेकिंग के द्वारा ही संभव है। क्योंकि होम्योपैथिक में हम पूरे शरीर को बीमार मानते हैं, न ही शरीर के सिर्फ एक अंग को, इस कारण इन एलर्जीक दशाओं का इलाज पूरी तरह होम्योपैथिक कोर्स करवाने से ही संभव होगा।

**इलाज के लिए शर्तेः** मरीज के केसटेकिंग के सांथ उन्मुक्त तरीके से पूरी तरह अपनी मानसिक एवं शारीरिक स्थिति से डॉ. को अवगत करावें। मरीज डॉ. के रेगुलर फालोअप को नियमित रखें। डॉ. के द्वारा बताए गए परहेज को समझें व उसे ध्यान देवें और मरीज पूरी कोशिश करें कि अपने स्वभाव एवं मरीज और मरीज के संबंधित लोगों के बीच आपसी संबंध को होम्योपैथिक डॉक्टर को समझा सकें। होम्योपैथिक इलाज में मरीज की सजगता ही डॉक्टर का साथ देती है। होम्योपैथिक इलाज के दौरान यदि शरीर में कहीं फोड़े या कोई दाद आए तो उसे उन्हीं होम्योपैथिक डॉक्टर को दिखाएं जिससे आपका इलाज चल रहा हो क्योंकि होम्योपैथिक डॉक्टर आपके संपूर्ण शरीर को अपने उपचार से नार्मल स्थिति में लाने की कोशिश करता है क्योंकि होम्योपैथिक में संपूर्ण शरीर (मानसिक तथा शारीरिक) का उपचार होता है, न कि केवल एक अंग का।



### राष्ट्रीय जूनियर थ्रोबॉल बालक एवं बालिका टीम घोषित

**भिलाई।** बदलापुर, महाराष्ट्र में 5 से 7 दिसंबर तक 35 वी जूनियर राष्ट्रीय थ्रोबाल प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय थ्रोबाल संघ के तत्वाधान में महाराष्ट्र थ्रोबाल संघ द्वारा किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भारत वर्ष के 26 राज्यों की बालक टीम एवं 24 राज्यों की बालिका टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता हेतु छत्तीसगढ़ राज्य की बालक एवं बालिका वर्ग की टीम का चयन रविवार 30 नवंबर को किया गया। चयनित सभी खिलाड़ियों को जर्सी आर के फिटनेस के द्वारा स्पॉन्सर किया गया। भारतीय थ्रोबाल संघ के अध्यक्ष श्री रमन साहनी, श्रीमती तुलसी साहू महामंत्री भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा अन्य पिछड़ा वर्ग, श्री हर्ष कुमार चांदेकर, श्री बब्बू मिश्रा जी, श्री प्रकाश सिंह परिहार, श्री राम अवतार अग्रवाल, भारतीय थ्रोबाल संघ के रेफरी बोर्ड के चेयरमैन श्रीकांत दास गुप्ता, छत्तीसगढ़ थ्रोबाल संघ के सचिव श्री पी. कामराजू, संजय वासु एवं सीनियर राष्ट्रीय खिलाड़ी दीपक गहलोत, गौतम राव एवं आर के फिटनेस से रितेश जैन, खुशी कुमारी अभिषेक गुप्ता, पंकज गुप्ता, वीनू तमांग, हितेश रेड्डी एवं गौरव सुभा ने सभी खिलाड़ियों को कीट वितरित किया एवं पदक हासिल करने हेतु शुभकामनाएं दी। दोनों वर्गों की टीम 04 दिसंबर को दुर्ग स्टेशन से बदलापुर के लिए रवाना होंगी।

## साप्ताहिक बाजार में चोरों के हौसले बुलंद, भीड़ का उठा रहे हैं फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

साप्ताहिक हाट-बाजार में इन दिनों चोरों के हौंसले बुलंद हैं। भीड़ का फायदा उठाकर चोर लगातार घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। बाजार में सबसे ज्यादा मोबाइल और पर्स चोरी की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं, जिससे आम खरीददार और दुकानदार दोनों ही परेशान हैं।

इसी कड़ी में ताजा मामला पाटन के वरिष्ठ पत्रकार एवं व्यवसायी गंगादीन साहू के साथ हुआ। उन्होंने बताया कि वे बाजार में सब्जी खरीद रहे थे। सब्जी का भुगतान करते समय जैसे ही उन्होंने जेब में हाथ डाला, उन्हें एहसास हुआ कि उनका मोबाइल किसी चोर ने चोरी कर फरार हो गया है।और स्वीच आप कर दिया मोबाइल के साथ ही उनके पर्स में रखे 5,000 रुपए भी गायब हो गए। घटना का पता चलते ही उन्होंने वहां मौजूद एक सिपाही को अपनी आपबीती सुनाई और तुरंत पाटन थाना को सूचना दी। प्रार्थी ने मोबाइल नंबर को तत्काल ब्लॉक कराया और मंगलवार साप्ताहिक बाजार में लगभग 5 से 7 मोबाइल चोरी होती है ।

उधर, एक अन्य घटना ने बाजार में सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। जानकारी के अनुसार, आलू-प्याज बेचने वाला एक व्यापारी जैसे ही कुछ देर के लिए अपने गल्ले से दूर गया, तभी मौका पाकर चोर उसका पूरा गल्ला लेकर फरार हो गया। व्यापारी के अनुसार, गल्ले में लगभग 40,000 रुपए थे। बड़ी रकम होने के कारण वह व्यापारी पूरी तरह टूट गया और घटना के बाद बाजार में हड़कंप मच गया

स्थानीय लोगों का कहना है कि हाट बाजार में सुरक्षा के नाम पर पुलिसकर्मी एक भी चोरों को नही पकड़ी है। जबकि भीड़ हजारों की संख्या में होती है। दुकानदारों और खरीदारों ने मांग की है कि बाजार में अतिरिक्त



पुलिसबल तैनात किया जाए, ताकि चोरों पर लगाम लग सके और लोग सुरक्षित महसूस कर सकें। ग्रामीणों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि बाजार में सी सी टी वी लगाने नियमित गश्त बढ़ाने और संदिग्ध व्यक्तियों की जांच करने जैसे कदम उठाए जाएं, ताकि लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर रोक लग सके।

पाटन सहित क्षेत्र के हाट बाजार एवं भीड़ भाड़ स्थानों में बढ़ती चोरी की घटनाओं ने लोगों को जीना मुस्किल कर दिया है। अब लोग खरीदारी के दौरान अपने मोबाइल और पैसे सहित महिलाओं की सोने चांदी की गहने को सुरक्षित रखने की अपील भी एक-दूसरे से करते नजर आ रहे हैं कुछ दिन पूर्व में अखरा में भागवत कथा स्थल पर पर भी महिलाएं की चैन चोरी की घटना हुआ था जिसका भी पुलिस आज तक पता साजी नहीं कर पाई नागरिकों ने पुलिस गस्त बढ़ाने की मांग की है।

**करेंगे पेट्रोलिंग**

मोबाइल गुम होने की शिकायत बार बार आ रही है मुखबिर लगा दिए गए है और बाजार में पेट्रोलिंग की जाएगी । - **अनिल कुमार साहू** पाटन टी आई

**कहीं टोकन नहीं मिलने से किसान परेशान, तो ज्यादातर जगह में खराब बारदाना की**

# धान उठाव के लिए अभी तक नहीं हुआ टेंडर, रकबा कटने से नही बिक रहा धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी जारी है लेकिन सभी जगहों पर किसानों को अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है। कहीं किसान ऑनलाइन टोकन नहीं मिलने से परेशान हैं, कहीं एक दिन में धान खरीदी की लिमिट तय होने से किसान परेशान है उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने सेलूद धान खरीदी केंद्र का जायजा लेने बाद कहा। श्री ठाकुर ने आगे कहा कि पहले सहकारी समिति के कर्मचारियों के हड़ताल



से रफ्तार सुस्त रहा, जब वो वापस लौटे तब भी किसानों की परेशानी कम नहीं हो रही है। कई किसान सम्मिलित खाता यानी ज्वाइंट अकाउंट होने के चलते केवल एक बार टोकन मिलने से परेशान हैं तो कुछ किसानों की समस्या ये है कि ऑलाइन टोकन, कुछ मिनटों में खत्म हो जाता है। एक दिन में धान खरीदी केंद्रों में खरीदी की लिमिट को कम करने से भी किसान परेशान है, इसके चलते किसान एक दिन में अपना धान बेच नहीं पाते। धान खरीदी के लिए एग्रोटेक में पंजीयन शासन ने अनिवार्य किया है लेकिन किसानों का पंजीयन ही नहीं हो पा रहा है, पंजीयन नही होने से सीधे रकबा काट कर शून्य दिखाया जा रहा है जिससे किसान धान नही बेंच पा रहे है। कई किसानों का आरोप है कि एक हफ्तों बाद भी उन्हें भुगतान नहीं मिल पाता। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर लगातार किसानों की समस्या को लेकर सड़क की लड़ाई लड़ रहे है।

**धान उठाव के लिए अभी तक नही हुआ टेंडर**

जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बताया कि धान खरीदी प्रारंभ हुवे नवम्बर का माह बीत गया अब दिसम्बर माह प्रारम्भ भी हो गया है लेकिन आज दिनांक तक खरीदे गए धान के उठाव के लिए टेंडर नहीं हुआ है जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि सरकार धान खरीदी के लिए कितना संवेदनशील है।

**एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य लेकिन, नही बिक रहा धान, किसान परेशान**

एक ओर जहां कृषि विभाग ने पोर्टल में दो साल पुराना ही डाटा सबमिट किया, वहीं पोर्टल में एक दर्जन से अधिक खामियां अब तक सामने चुकी हैं. इन खामियों की वजह से किसानों का पंजीयन ही नहीं हो पा रहा, पंजीयन नही होने से सीधे रकबा काट दिया जा रहा है जिससे किसान धान नही बेंच पा रहे है। इस पोर्टल में पंजीयन कराने के लिए एक ओर जहां किसान समितियों तथा च्वाइस सेंटर में चक्कर काट रहे हैं. दूसरी ओर कृषि विभाग के अधिकारी इस संबंध में कुछ भी स्पष्ट कहने से बचते हुए नजर आ रहे।

## दिव्यांगों के लिए प्रेरणा है सुरेश, हर कोई करता है जज्बे को सलाम

**निकुम।** यदि दृढ़ इच्छा शक्ति है तो दिव्यांगता अभिशाप नहीं बल्कि वरदान भी साबित हो सकती है। इस बात को चरितार्थ किया है दुर्ग जिले के ग्राम पंचायत भोथली के पूर्व सरपंच व वर्तमान में स्वर्गीय पुकेश्वर सिंह भारदी शासकीय कॉलेज निगम में जन भागीदारी अध्यक्ष दिव्यांग सुरेश साहू ने। उन्होंने बैसाखी और अपने हौसले से गांव समाज व अन्य राज्य में अपनी पहचान बनाई है। दिव्यांग होने के बावजूद किसी पर बोझ नहीं बने बल्कि कर्म ही पूजा है को लक्ष्य बना कर बीते एक दशक तक ग्राम पंचायत भोथली के सरपंच बन कर गांव की विकास कार्यों से पूरे गांव की तस्वीर व तकदीर बदल दी। मनरेगा कार्यों से गांव के विकास के साथ मजदूरों का



पलायन भी रोका वही अपनी कार्य काल में ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं नल जल योजना, पी एम आवास, पेंशन, स्ट्रीट लाइट, सी सी रोड, शुद्ध पेय जल सहित शासकीय प्राथमिक शाला, आंगन बाड़ी में समेत स्मार्ट टी वी, वेस्ट वाटर सेविंग स्टाम में हरियाली बिखेर दी है।

## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य विभाग का दफ्तर लगेगा टंकी मरोदा में

**रिसाली।** रिसाली निगम का जन स्वास्थ्य विभाग कार्यालय का संचालन अब वार्ड 14 टंकी मरोदा से होगा। आयुक्त मोनिका वर्मा के अलावा नए कार्यालय में प्रभारी समेत अन्य कर्मचारी मौजूद थे। स्वास्थ्य विभाग अब तक रिसाली बस्ती स्थित पृथक से बने कार्यालय में संचालित होता था। यह कार्यालय भवन 30 वर्ष पुराना होने के कारण जर्जर अवस्था में है। छत टपकने और प्लास्टर गिरने की शिकायत थी। इसे देखते हुए आयुक्त ने मरोदा टैंक स्थित ओवर हैड टैंक के नीचे भवन में कार्यालय संचालन के निर्देश दिए हैं। नया कार्यालय भवन नेवई मुख्य मार्ग स्थित पुलिस पेट्रोल पंप के निकट बीआरपी गेट मार्ग पर बने ओवर हेड टैंक भवन में संचालित है। यहां पीआईयू कार्यालय समेत चार्जिंग सेंटर और एकल खिड़की प्रणाली है। यहां नागरिकों के लिए अलग से शिकायत निवारण काउंटर की स्थापना की गई है। नागरिक अब जन स्वास्थ्य विभाग की शिकायत कर सकते हैं। कार्यालय भवन शिफ्ट के समय सहायक अभियंता अखिलेश गुप्ता, प्रभारी जन स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी अमित चंद्राकर, जल कार्य विभाग के प्रभारी गोपाल सिन्हा, लेखा अधिकारी विनय शर्मा आदि उपस्थित थे।

### शहर में 6.30 करोड़ से होंगे विकास कार्य, मिली स्वीकृति

**भिलाई।** भिलाई ननि क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए सांसद विजय बघेल ने 6 करोड़ 30 लाख की राशि स्वीकृत प्रदान की है। यह स्वीकृति भिलाई नगर निगम के पार्षदगणों द्वारा प्रस्तुत मांगों और जनहित में आवश्यक विकास गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए दी गई। स्वीकृत राशि का उपयोग सड़क एवं नाली निर्माण, पेयजल एवं जलनिकासी सुधार, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था सहित अन्य आधारभूत नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए किया जाएगा। सांसद विजय बघेल ने जनसेवा एवं क्षेत्रीय विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह राशि उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। सांसद ने बताया कि इस प्रक्रिया में उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव का सक्रिय सहयोग महत्वपूर्ण रहा। भिलाई नगर निगम के पार्षदों ने सांसद एवं उपमुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्वीकृति भिलाई के विकास के प्रति जनप्रतिनिधियों की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

### ब्लॉस्ट फर्नेस-7 में अब तक का सर्वोच्च हॉट मेटल उत्पादन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस-7 ने नवंबर 2025 में 1,30,210 टन हॉट मेटल उत्पादन दर्ज करते हुए अब तक का मासिक उत्पादन का नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। ब्लॉस्ट फर्नेस-7 ने मार्च 2025 में दर्ज रिकॉर्ड 1,30,183 टन के सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन को पीछे छोड़ते हुए नया उत्पादन कीर्तिमान बनाने में सफलता प्राप्त की। ब्लास्ट फर्नेस-7 ने नवंबर 2025 में 2.10 टन प्रति घन मीटर प्रतिदिन की सर्वोच्च हॉट मेटल उत्पादकता दर्ज की, जो मार्च 2025 में प्राप्त 2.07 टन प्रति घन मीटर प्रतिदिन के पिछले रिकॉर्ड से अधिक है।

**लीपापोती की नई तैयारी : नॉन टेक्निकल प्रोफेसर डॉ. एसके मैती और असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. चंद्रहास सन्नाट करेंगे जांच**

# 1.54 करोड़ के घोटाले के मामलें में बैठी तीसरी जांच, दो जांचें पहले हो चुकी, जिसमें आरोप सिद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

कामधेनु यूनिवर्सिटी अंजोरा में 1.54 करोड़ के घोटाले के मामले में लीपापोती शुरू हो गई है। इस पूरे मामले में अधिकारियों को कार्रवाई से बचाने की जुगत शुरू हो गई है। आर्थिक अनियमितता के इस मामले में मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग बिलासपुर और विश्वविद्यालय के कार्यपालन अभियंता स्तर पर जांच हो चुकी है। दोनों ही समितियों ने अरविंद उल्लास देशमुख को दोषी ठहराया है। बावजूद इसके विश्वविद्यालय द्वारा एक नई कमेटी का गठन किया गया। यह कमेटी नए सिरे से सारे तथ्यों की जांच करेगी। सामने आए साक्ष्यों का परीक्षण कर अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी। इसे लेकर कुलसचिव डॉ. बीपी राठिया की अध्यक्षता में मंगलवार को एक बैठक यूनिवर्सिटी में सुबह 11 बजे हुई। बैठक पूरी तरह से गोपनीय थी। बैठक में प्रोफेसर डॉ. एसके मैती और अस्सिटेंट प्रोफेसर डॉ. चंद्रहास सन्नाट मौजूद थे। बैठक में कहा गया कि इस मामले में यूनिवर्सिटी की छवि धूमिल हो रही है। तत्काल जांच पूरी कर रिपोर्ट को प्रस्तुत किया जाए। दोनों जांच अधिकारियों ने वस्तु स्थिति और उपलब्ध साक्ष्यों से अवगत कराया। साथ ही तकनीकी दिक्कतों के बारे में भी जानकारी दी। बहरहाल अनियमितता के इस मामले में जांच जारी है।

**कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा में आर्थिक अनियमितता के मामले में जांच कमेटी की हुई बैठक**



## फर्जी बिलिंग कर दो कार्य एजेंसियों को पहुंचाया 1.54 करोड़ से ज्यादा का फायदा

बता दें की अनियमितता के इस मामले में फर्जी बिलिंग कर दो कार्य एजेंसियों को करीब 1.54 करोड़ रुपए का फायदा पहुंचाया गया। दो स्तर पर हुई जांच में यह बात सामने आई है। करीब 3 साल से इस घोटाले की जांच चल रही है। पिछले दिनों कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह ने नए सिरे से विभागीय जांच के निर्देश दिए। आदेश के 7 महीने बाद अब जांच शुरू की गई है। यूनिवर्सिटी द्वारा बिलासपुर वेटनरी कॉलेज के अस्तित्व में आने के बाद बॉयस हॉस्टल, ऑडिटोरियम, गर्ल्स हॉस्टल, टीवीसीसी बिल्डिंग और एफ, जी, एच टाइप के आवासों के निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की गई थी। इन कामों के लिए वर्ष 2017 में 15.42 करोड़ रुपए की स्वीकृति ली गई थी। इसमें बॉयस हॉस्टल और ऑडिटोरियएम का काम गौरी कंस्ट्रक्शन को दिया गया, जो करीब 6.46 करोड़ का था। वहीं गर्ल्स हॉस्टल टीवीसीसी बिल्डिंग और आवासों के निर्माण का अशोक केजरीवाल को दिया गया, जो करीब 8.96 करोड़ रुपए का था। खास बात यह है कि अनियमितता के खुलासे के बाद दोनों ही कार्य एजेंसी ने बीच में ही काम छोड़ दिया। जांच के दौरान ही दोनों एजेंसियों को काम के अनुसार फाइनल भुगतान भी कर दिया गया। इस पूरे मामले में सहायक अभियंता उल्लास अरविंद देशमुख की भूमिका संदिग्ध है। उनसे लगातार नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है। नोटिस किया गया है। उनके खिलाफ विभागीय जांच जारी है। रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि एमबी बुक में 33 जगहों पर डुप्लीकेसी के जरिए 1.54 करोड़ की ज्यादा बिलिंग की गई। इसमें तय दरों को वहीं रखा गया, लेकिन माप और क्वांडिटी ज्यादा कर दी गई। यह रिपोर्ट 12 मई 2022 को कुलसचिव को प्रेषित की गई। इसके बाद एक और जांच कराई गई। इस रिपोर्ट में भी अनियमितता के आरोपों को सही बताया गया। यह रिपोर्ट 1 अप्रैल 2025 को सौंपी गई थी।

### सहायक अभियंता की कार्यप्रणाली पूरे विश्वविद्यालय पर भारी

15.42 करोड़ रुपए के इन कामों में दोनों एजेंसियों ने करीब 50 फीसदी ही काम किया। इसके बाद काम छोड़कर भाग गईं। दोनों एजेंसियों पर कार्रवाई करने के बजाए उनका फाइनल बिल तैयार किया गया। उन्हें 10.50 करोड़ रुपए का भुगतान भी कर दिया गया। इस प्रकार इस पूरे मामले में जमकर अनियमितता बरती गई। खास बात यह है कि 2022 में शुरू हुई इस मामले की जांच अब तक जारी है। बता दें सिविल सेवा नियम के अंतर्गत आरोपी कर्मचारियों को निलंबित किया जाना चाहिए एवं उन्हें जांच प्रक्रिया से दूर रखा जाना है। शासन के नियमानुसार परिवीक्षा अवधि कर्मचारी की सेवा समाप्त किए जाने का नियम है, लेकिन अब तक ऐसा कुछ भी नहीं किया गया है। वर्तमान में जिन पर आरोप है उन्हें ही अधूरे कामों को पूरा करने जिम्मेदारी दी गई है।

### जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो कोर्ट जाएंगे

“ मामला काफी संवेदनशील है, पिछले करीब 8 साल से इस मामले में अनियमितता की शिकायत की गई, लेकिन कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं हुआ है। जल्द ही वीसी और रजिस्ट्रार ने कार्रवाई नहीं की, तो पूरे मामले को लेकर कोर्ट जाएंगे।

**जयंत देशमुख,** अध्यक्ष युवक कांग्रेस दुर्ग ग्रामीण

## यूनिटी मार्च गुजरात से लौटने पर भाजयुमो प्रतिनिधि मंडल का घड़ी चौक में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भारतीय जनता युवा मोर्चा राष्ट्रीय योजना के तहत एक भारत श्रेष्ठ भारत आत्मनिर्भर भारत के विषय को लेकर यूनिटी मार्च का कार्यक्रम पूरे भारत में मनाया गया। गुजरात गए हुए युवा मोर्चा प्रतिनिधि मंडल के वापसी पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा के नेतृत्व में भिलाई के सुपेला घड़ी चौक में स्वागत किया गया।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ युवा मोर्चा की टीम नर्मदा प्रवाह प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा के नेतृत्व में लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल के 150वीं जयंती के उपलक्ष्य पर आयोजित यूनिटी मार्च में छत्तीसगढ़ से 75 डेलीगेट्स शामिल हुए थे। यूनिटी मार्च महाराष्ट्र के नागपुर से प्रारंभ होकर मध्यप्रदेश के बैतूल इंदौर से गुजरात के दाहोद बडोदरा होते हुए केवड़िया स्थित स्टैचू ऑफ यूनिटी तक हुई।

कुछ जगहों पर समूह बनाया गया जिसे नर्मदा प्रवाह नाम दिया गया था। इसमें छत्तीसगढ़ के युवा भी शामिल हुए थे। भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने कहा कि भारत रत्न सरदार पटेल ने 562 रियासतों को जोड़कर भारत का वर्तमान जो



■ यूनिटी मार्च में छत्तीसगढ़ से शामिल हुए थे 75 डेलीगेट्स

भौगोलिक स्वरूप दिए, इसके लिए हम सभी उन्हें नमन करते है। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रयासों का परिणाम है जो आज संगठित भारत हम देख रहे है, उनकी ही देन है। इस अवसर पर जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल, पूर्व महामंत्री विजेंद्र सिंह व प्रेमलाल साहू, पूर्व उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह, जिला कोषाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

## सुरक्षा के प्रति संयंत्र के शीर्ष प्रबंधन का सख्त रुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र में विगत दिनों कार्यस्थल पर हुई मृत्यु तथा कर्मियों की चोटिल होने जैसी गंभीर दुर्घटनाओं को संज्ञान में लेते हुए संयंत्र के शीर्ष प्रबंधन ने सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपनी प्रतिबद्धता को दृढ़ता से दोहराया है। प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि असुरक्षित कार्य एवं असुरक्षित कार्यप्रणाली के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस की नीति पहले की तरह आगे भी कड़ाई से लागू रहेगी।

■ असुरक्षित कार्यप्रणालियों पर निर्णायक कार्रवाई

इसी संदर्भ में दुर्घटना-जनित परिस्थितियों और सुरक्षा संबंधी चूक की गंभीरता को देखते हुए कठोर प्रशासनिक कदम उठाए गए हैं। जिसके अंतर्गत सिंटर प्लांट-3 के एक महाप्रबंधक तथा उर्जा प्रबंधन विभाग के एक महाप्रबंधक को निलंबित कर दिया गया है। वहीं उर्जा प्रबंधन विभाग के दो कार्यपालकों को चेतावनी पत्र जारी किए गए हैं तथा प्लेट मिल के दो महाप्रबंधकगणों को एडवाइजरी पत्र प्रदान किए गए हैं। सभी घटनाओं का मूल कारण विश्लेषण किया गया है, ताकि प्रत्येक पहलू का तथ्यपरक मूल्यांकन हो सके। साथ ही, भविष्य में ऐसी घटनाएं पुनः न हों, इसके लिए आवश्यक सुधारात्मक और निवारक उपायों की रूपरेखा तैयार कर संबंधित विभागों को कड़ाई से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। संयंत्र प्रबंधन ने यह स्पष्ट किया है कि सुरक्षा संस्कृति को मजबूत बनाना प्रत्येक स्तर पर सामूहिक उत्तरदायित्व है, और किसी भी प्रकार की लापरवाही या असुरक्षित व्यवहार को किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## बीएसपी पूर्व अधिकारी संघ की आम बैठक में हुई अहम बिंदुओं पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



बीएसपी पूर्व अधिकारी संघ की 63वीं आम सभा की बैठक 1 दिसंबर को सुबह 10.45 बजे प्रगति भवन में हुई। बैठक में एनके बंछोर, सेफी चेयरमैन और बीएसपी ओए प्रेसिडेंट और अंकुर मिश्रा, बीएसपी ओए जनरल सेक्रेटरी की गरिमामयी मौजूदगी में रिटायर्ड बीएसपी अधिकारियों के सामने आने वाले इन बेहद संवेदनशील मामलों पर मुख्य रूप से चर्चा हुई। बैठक में बीएसपी हॉस्पिटल का निजीकरण, ईपीएस 95 पेंशन, बीएसपी क्वार्टर रिटेंशन स्कीम को अचानक बंद करना, सेक्टर 6 के 2बी टाइप क्वार्टर के लगभग 140 लीज़ होल्डर्स को रुआबांधा सेक्टर के घटिया और टूटे-फूटे क्वार्टर में शिफ्ट होने के लिए मजबूर करना, जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। एक्स-ओए अध्यक्ष एसआर दास ने उपरोक्त 4 संवेदनशील मुद्दों पर संक्षिप्त अपडेट देते हुए ईपीएस 95 के तहत उच्च पेंशन पर माननीय कलकत्ता उच्च न्यायालय के ऐतिहासिक फैसला 1 जनवरी 2017 से बढ़ी हुई ग्रेच्युटी के लिए दायर मामले पर दिल्ली उच्च न्यायालय में सुनवाई की स्थिति 31 अक्टूबर 25 को सीएमओ प्रभारी के साथ अस्पताल के मुद्दों पर संक्षिप्त चर्चा की। सेफी के चेयरमैन एनके बंछोर ने ऊपर बताए गए 4 बहुत संवेदनशील मुद्दों पर बिस्तृत जानकारी दी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बीएसपी हॉस्पिटल के आउटसोर्सिंग/प्राइवेटाइजेशन के मामले में काम हो रहा है और रिटायर्ड अधिकारियों, हॉस्पिटल के डॉक्टरों और स्टाफ के हितों की रक्षा के लिए पूरी कोशिश करेंगे। एमडी इंडिया भिलाई यूनिट के इंचार्ज मोहम्मद हुसैन ने सदस्यों को सेल मेडिक्लेम स्कीम 2025-26 के कुछ नियमों के बारे में बताया। मीटिंग में एक्स-ओए के जनरल सेक्रेटरी जेबी पाटिल और वाइस प्रेसिडेंट आरबी गुप्ता, सीनियर मेंबर आरके गजपाल, एनएल शर्मा, आरके मरकाम, अरुण भंडकर, एके नाथ आदि शामिल हुए।

## चार नए श्रम संहिता से बढ़ेगा कर्मचारी व मजदूरों पर शोषण : एचएस मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

हिंद मजदूर सभा ( एचएमएस ) के वरिष्ठ नेता एचएस मिश्रा ने चार नए श्रम संहिता को कर्मचारी व मजदूरों के लिए अनुचित बताया है। इन चार श्रम संहिता के चलते बढ़ती हुई महंगाई के दौर में कर्मचारी और मजदूरों का जीवन यापन मुश्किल हो जाएगा। वहीं कंपनी मालिक, ठेकेदार और एजेंसियों की मनमानी पर कोई अंकुश नहीं रहने से कर्मचारी और मजदूरों का शोषण होगा। इसलिए सरकार को तत्काल निर्णय लेते हुए इन चार नए श्रम संहिता को वापस लेना चाहिए।

प्रदेश के वरिष्ठतम श्रमिक नेता एचएस मिश्रा ने बताया कि देश में 29 श्रम कानून लागू था। इन कानूनों को श्रमिकों के 1886 में अमरीका के शिकागो में बहुत बड़े संघर्ष और कई मजदूरों की शहादत के बाद लागू किया गया था। जिसे खत्म कर भारत सरकार ने चार नए श्रम संहिता को लागू करने का निर्णय लिया है। इन नए श्रम संहिता में श्रमिक संहिता 2019, औद्योगिक



■ 00 हित में सरकार से तत्काल वापस लेने की मांग

संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यवसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य शर्त संहिता 2020 शामिल है। इन चारों नए श्रम संहिता से कर्मचारी और मजदूरों का शोषण बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि नए श्रम संहिता के प्रावधान में मजदूरों को प्रतिदिन 8 के बजाय 12 घंटे काम करना पड़ेगा। अतिरिक्त काम का कोई ओवर टाइम नहीं मिलेगा। अधिकतम 40 मजदूर वाले कंपनी या ठेकेदार के लिए सरकार को किसी भी तरह की विवरणी देने की जरूरत नहीं होगी। मालिक या ठेकेदार जब चाहे तब बिना सरकार को अवगत कराए कर्मचारियों की छंटनी कर बाहर निकाल देगा। नए श्रम संहिता में यूनियन बनाने के अधिकार को खत्म कर दिए जाने से मजदूरों को अपनी बात रखने का अवसर नहीं मिल पाएगा। अपने हक के लिए मजदूर किसी तरह की लड़ाई नहीं लड़ सकेंगे।

उन्होंने भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत मजदूरों के साथ हो रही ज्यादातियों पर प्रबंधन का ध्यानाकर्षण कराते हुए कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र देश की नवरत्न कंपनियों में से एक है। हाल के दिनों में सभी यूनियन के नेता और पदाधिकारियों ने कर्मचारियों के शोषण के मुद्दे पर प्रबंधन के आईआर उप मुख्य श्रमायुक्त केन्द्रीय के पास शिकायत किया है। भिलाई इस्पात संयंत्र में न्यूनतम वेतन लागू है, उसके बाद भी कंपनी, ठेकेदार और एजेंसियों के द्वारा न्यूनतम वेतन नहीं दिया जा रहा है। बोनस 8.33 प्रतिशत के बजाय दो, तीन या चार हजार रुपए से ऊपर नहीं दिया जा रहा है। कुछ कंपनियां और ठेकेदार तो यह भी नहीं दे रहे हैं। जबकि एडब्ल्यूए 26 दिन काम करने पर प्रतिदिन 128.30 रुपए के हिसाब से 37 सौ रुपए हर महीने देना है। लेकिन कुछ कंपनियां और ठेकेदार 13 सौ से 14 सौ रुपए ही दे रहे हैं।

## बीएसपी आवासों के लाइसेंस पद्धति से आवंटन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई स्टील सिटी चैंबर ऑफ कॉमर्स भिलाई ने लीज नवीकरण प्रकरण में पर सांसद विजय बघेल के मार्गदर्शन में के के सिंह अधिशासी निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन भारतीय इस्पात प्राधिकरण नईदिल्ली से भिलाई निवास में भेंट की। रिटेंशन कमेटी के सदस्यों ने बीएसपी आवास पर गहरी चिंता जाहिर करते हुए आवासों को लायसेंस पद्धति पर आबंटन की मांग रखी। छोटे छोटे व्यापारियों को राहत देने और उपरोक्त संदर्भ में स्थानीय प्रबंधन को दिशा निर्देश दिए जाने का आग्रह किया।सिंह ने बताया कि जन भावनाओं को समझ कर दिल्ली स्तर पर प्रयास जारी है और जल्दी कुछ नये परिणाम सामने आयेंगे। स्टील सिटी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने श्री के सिंह से अपील की कि जब तक प्रकरण का निराकरण एक अच्छे वातावरण में ना हो जाए



■ चेंबर ऑफ कामर्स अधिशासी निदेशक से मिले

तब तक स्थानीय स्तर पर अनावश्यक परेशानी से राहत दिए जाने के दिशा निर्देश देकर ही आप जाएं। इस मौके पर चेंम्बर के महासचिव दिनेश सिंघल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश रतनानी सलाहकार सदस्य रामकुमार गुप्ता, सुरेश चंद्र, राधाकांत पांडे, मोहम्मद रफी, सुमन कन्नौजे, भाजपा की महिला अध्यक्ष स्वीटी कौशिक ,महामंत्री कंचन सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे।

**जमीन के बाजार मूल्य में विरोध करने वाले कारोबारियों का धरना खत्म, अब कांग्रेस मोर्चे पर**

# प्रदर्शनकारियों को रात में छोड़ा, 3 हुए अंडर ग्राउंड, सुबह पांच को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जमीन के बाजार मूल्य में बढ़ोत्तरी को लेकर जेआरडी स्कूल के सामने धरने पर बैठे जमीन कारोबारियों का आंदोलन समाप्त हो गया है। सोमवार को चक्काजाम, पुलिस से झूमाझटकी, लाठी चार्ज और अन्य घटनाक्रम के बाद पुलिस ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया था। उन्हें रात को छोड़ दिया गया। इस बीच धरना स्थल पर लगे पंडाल को भी उखाड़ दिया।

मंगलवार की सुबह करीब 7 बजे पुलिस अचानक इस मामले में आरोपी बनाए गए लोगों के घर पहुंचने लगी। इस दौरान अनिल वासनिक उम्र 43 वर्ष अम्बेडकर नगर, विक्की चंद्राकर उम्र 32 वर्ष शीतला नगर, दिनेश पाण्डेय उम्र 35 वर्ष गयानगर, राकेश यादव उम्र 38 वर्ष गयानगर, जितेन्द्र बत्रा उम्र 41 वर्ष सिंधी कॉलोनी को गिरफ्तार किया गया। मामले में मनोज राजपूत और सिद्धु कोटवानी को पुलिस नहीं पकड़ पाई है। वे अंडरग्राउंड हो गए हैं। उनका आरोप है कि जब उन्हें शाम को जमानत पर रिहा किया गया था, तो भी रात में गैरजमानती धाराएं क्यों लगाई गई। जानबूझकर जनता को परेशान करने के उद्देश्य से प्रोटेस्ट को समाप्त करने के लिए ऐसा किया गया। बता दें कि पिछले करीब 7 दिनों से लगातार जमीन कारोबारी प्रदर्शन कर रहे थे। घटना के बाद सियासी घमासान तेज हो गया है। कांग्रेस ने खुलकर समर्थन दिया है। देवेंद्र यादव ने समर्थकों के साथ 4 दिसंबर को भूख हड़ताल पर बैठने की घोषणा की है। मामले में पुलिस ने धारा 221, 126(2), 191(2) बीएनएस पंजीबद्ध के तहत कार्रवाी की है। इसमें धारा 121(1),132 61(2). 125 (क) जोड़ी गई।



### हमारा विरोध शांत है, लेकिन कमज़ोर नहीं

इस मामले में मनोज राजपूत, सिद्धु कोटवानी, राहुल शर्मा, श्रीकांत सिंदेकर ने कहा कि हमारा विरोध शांत है, लेकिन कमजोर नहीं है। जिस प्रकार से प्रशासन ने इसे कुचलने का प्रयास किया, इसका हिसाब प्रदेश की जनता लेगी। हम मामले को न्यायालय जाएंगे। एक-एक वीडियो, फोटो, विजुअल से न्यायालय को अवगत कराएंगे। शासन के इस निर्णय से किसान, छोटे व्यापारी, आम नागरिक, युवा सभी परेशान है। बिना किसी दावा आपत्ति और सिफारिशों को ध्यान रखे इस आदेश का लागू किया गया है। यह लोकतंत्र नहीं डिक्टेटरशिप है।

### आम नागरिक पर लाठी चार्ज कांग्रेस लेगी हिसाब

कांग्रेस के जिला धीरज बाकलीवाल ने मंगलवार को इस मामले में प्रभावित हुए लोगों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि लाठी चार्ज की घटना निंदनीय है। छत्तीसगढ़ की जनता से वादा खिलाफ भाजपा सरकार कर रही है। आंदोलन कर रहे जमीन कारोबारी किसानों और आम नागरिक पर लाठी चार्ज करना दमनकारी नीतियों का परिचायक है। कांग्रेस इसका हिसाब लेगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी में इस विषय को रखा जाएगा। प्रदेश स्तर पर आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी। सरकार को यह निर्णय वापस लेना ही होगा।



हरिभूमि

रायपुर, बुधवार 3 दिसंबर 2025

लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129


श्रद्धालुओं की लगी रही लंबी कतार



## लाइव इवेंट

## सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक जीवन में भारतीय ज्ञान परंपरा का विशेष महत्व



**भिलाई।** शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के अंतर्गत समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र और अर्थशास्त्र के संयुक्त तत्वाधान में भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक जीवन विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के पहले दिन के प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता डॉ. के पद्मावती ने भारतीय ज्ञान परंपरा और अर्थव्यवस्था में वैदिक काल से वर्तमान युग तक के समायोजन की जानकारी प्रतिभागियों को दी।

दूसरे सत्र में डॉ. शकील हुसैन ने कार्यशाला के विषय की महत्व को बताते हुए कहा कि जीवन में सफलता का अर्थ उपलब्ध संसाधनों का इस प्रकार उपयोग वर्तमान की आवश्यकता पूरी होने के साथ ही साथ भविष्य के लिए उनकी उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ किया जाना चाहिए। कार्यशाला का दूसरा दिन भारतीय ज्ञान परंपरा और प्राकृतिक चिकित्सा को समर्पित रहा। जिसमें नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ नेचुरोपैथी छत्तीसगढ़ शाखा से राज्य संयोजक मनोज ठाकरे, सह संयोजक डॉ. निर्मला गुप्ता, नाड़ी वैद्य डॉ. गणेश पांडे, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सक डॉ. प्रमोद नामदेव मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। इस दौरान डॉ. गणेश पांडे ने बताया की नई चिकित्सा ज्ञान भारतीय ज्ञान परंपरा में सदियों से चली आ रही है जिसमें नाड़ी ज्ञान के आधार पर शारीरिक विकारों की जानकारी प्राप्त की जाती है मनोज ठाकरे ने बताया कि वर्तमान युग में अधिकांश बीमारियों की वजह खान-पान की अनियमिता एवं स्वास्थ्य पर भोजन का उपभोग है सही भोजन एवं उचित मात्रा में जल के सेवन से हम सभी अच्छा स्वास्थ्य प्राप्त कर सकते हैं। महाविद्यालय की प्राचार्य ने बताया कि भारतीय ज्ञान परंपरा आज के परिप्रेक्ष्य में भी उतनी ही सटीक और उपयोगी है जितनी हजारों वर्ष पहले थी। इस दौरान डॉ. अमरनाथ शर्मा, डॉ. नुसरत जहां, डॉ. कृष्ण कुमार पटेल सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

## सिटी इवेंट

## गुब्बारे छोड़कर खेल उत्सव की हुई शुरूआत, गोली चम्मच में बने विजेता



**भिलाई।** बीएसपी ईएमएमएस सेक्टर 1 में 21वां वार्षिक खेल उत्सव 2025-26 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आसमान में गुब्बारे छोड़कर और गोला फेंककर खेल उत्सव की विधिवत शुभारंभ किया गया। जिसके बाद विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आरंभ हुईं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साह और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का परिचय देते हुए श्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि महाप्रबंधक डॉ. एनके. जैन, व्ही एस पवार, विभा रानी कटियार, मनीष तिवारी, राजेश गुप्ता, प्रधान पाठक सुब्रमणियम और प्रधान पाठिका जी पद्मजा नायर उपस्थित थे। हेड मास्टर पीआर साहू ने मुख्य अतिथि सहित सभी विशिष्ट अतिथियों का पौधा भेंटकर स्वागत किया।

- बीएसपी ईएमएमएस सेक्टर-1 में 21वां वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन

मुख्य अतिथि डॉ. जैन ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए खेल अत्यंत आवश्यक हैं और इनके माध्यम से बच्चों का शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक विकास भी होता है। उन्होंने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। वार्षिक खेल उत्सव में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्ण सहभागिता प्रदर्शित की। इसी क्रम में फ्लैट रेस में कक्षा 5वीं से तनुजा मरकाम, एलेक्स, कक्षा 6वीं से अंजली केसरी एवं दिनेश लिंका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं गोली-चम्मच दौड़ में कक्षा 7वीं से जैनब बानो और डी कार्तिक प्रथम स्थान पर रहे। गोला फेंक में कक्षा 8वीं से गायत्री चौहान और एम गौरव विजेता रहे। प्रतियोगिताओं के बाद मुख्य अतिथि डॉ. एनके जैन और विशिष्ट अतिथियों ने विजेताओं को सम्मानित किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक बीआर. गायकवाड, केके पैकरा, रश्मि शर्मा, नीलिमा ग्लोरिया, संतोष अग्रवाल और गारात्री जायसवाल और सीमा कन्नौजे सहित सभी स्टाफ मौजूद रहे।



## मोहल्ला फुटबॉल टूर्नामेंट आज से

**भिलाई।** सिंदूर कप रात्रि कालीन 7 ए साइट मोहल्ला फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 3 दिसंबर से शाम 6 बजे शांति नगर दशहरा मैदान में आयोजित की गई है। आयोजन समिति के अध्यक्ष ललित मोहन ने बताया कि नॉक आउट मैच जीतने के बाद ही टीम लीग में शामिल होंगे। अब तक 16 टीमों ने अपना पंजीयन कराया है। आगे और टीमों के शामिल होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि यह टूर्नामेंट जोन वाइज आयोजित किया जा रहा है। जोन-1 में नगर निगम के 12 वार्ड नेहरू नगर, सुपेला, कोसा नगर, कोहका, रामनगर आदि शामिल हैं। जोन-2 में वैशाली नगर, शांति नगर, रामनगर और कैंप के कुछ वार्ड, जोन-3 में कैंप, सेक्टर-1 एवं सेक्टर-2, जोन-4 में खुर्सीपार, छावनी, जोन 5 में सेक्टर 3 से सेक्टर 9 एवं हुडको, जोन 6 में मरोदा एवं रिसाली, जोन 7 में दुर्ग एवं जोन 8 में कुम्हारी और चरोदा को रखा गया है।

● साई महोत्सव की शुरुआत, दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का लगा मेला

# मेहंदी और ड्राइंग स्पर्धा में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, साई महोत्सव में दर्शन करने श्रद्धालुओं का लगा मेला



**दुर्ग।** कसारीडीह सिविल लाइन स्थित प्रसिद्ध श्री साई बाबा मंदिर में तीन दिवसीय 49वें वार्षिक साई महोत्सव का मंगलवार को भव्य शुभारंभ हुआ। मंदिर में सुबह से लेकर देर रात तक भजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धुन गूंजयमान रही। दोपहर में श्री सत्य साई भजन मंडली ने भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। महोत्सव का पहला दिन होने से मंदिर में दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतारे लगी रही। सुबह मंदिर के मुख्य पुजारी पं कैलाश चंद्र तिवारी के सानिध्य में श्री साई बाबा का महाअभिषेक, आरती और पूजन किया गया। इस अवसर विभिन्न प्रतियोगिता के साथ मेंहदी और ड्राइंग प्रतियोगिता में बालिकाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।



### प्रतियोगिता में लिया बढ़चढ़ कर हिस्सा

दोपहर बाद मेहंदी एवं ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर अपनी उत्कृष्ट कला कौशल का प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता शिवाकांत तिवारी और प्रीति राजपूत के मार्गदर्शन व संध्या साहू, तृप्ति राऊत, गिरजा कोशरे, गुनगुन राऊत, मेधा चंदेल का विशेष योगदान रहा। प्रतियोगिता में निर्णायक डॉ. ज्योति धारकर, डॉ. रोहिणी पाटणकर, मनीष ताम्रकार, श्वेता तिवारी, लता तिवारी रहे।

### साई महोत्सव के दूसरे और तीसरे दिन के प्रमुख आकर्षण

महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को सुबह साढे 7 बजे सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण, साढ़े 9 बजे सत्यनारायण कथा व पूजन, दोपहर 12 बजे सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण, दोपहर 1 बजे साई भजन मंडली एवं साई सत्संग महिला मानस मंडली कसारीडीह द्वारा सांई भजनों की प्रस्तुति, दोपहर 2 बजे रंगोली और पूजा की थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन, शाम साढ़े 6 बजे सामूहिक आरती और प्रसाद वितरण शाम साढ़े 7 बजे प्रसिद्ध भजन गायक अंकित तिवारी भिलाई द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। महोत्सव के अंतिम दिन 4 दिसंबर को सुबह आरती एवं प्रसाद वितरण, दोपहर 12 बजे आरती, भंडारा का आयोजन किया गया है। इसके अलावा दोपहर 2 बजे साई सत्संग महिला मंडली कसारीडीह द्वारा श्री साई भजन की प्रस्तुति, शाम को आरती, प्रसाद वितरण के बाद साई बाबा की मनमोहक पालकी शोभायात्रा और 9 बजे शेज आरती के बाद महोत्सव का समापन होगा।



### पूर्व मंत्री ने किया लोकार्पण



दर्शन के लिए छग के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू सपरिवार मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने स्व. कमला देवी साहू की स्मृति में नवनिर्मित श्री साई और श्रीराम द्वार का लोकार्पण किया। श्रद्धालु साई भजन की धुन में नाच गाकर अपनी आस्था प्रकट करते रहे। जिससे मंदिर में श्रद्धा भक्ति का अद्भुत माहौल बना। साई महोत्सव में छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के संरक्षक संजय रुंगटा, दुर्ग जिला अध्यक्ष अनूप गटागट, पार्षद सरिता विनोद चंद्राकर, मनीष कोठारी, पूर्व पार्षद ऋषभ जैन, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अल्ताफ अहमद, अजय मिश्रा, राजकुमार पाली, दुर्ग जिला अस्पताल जीवनदीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर के अलावा भाजपा, कांग्रेस व अन्य राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि दर्शन के लिए मंदिर पहुंचे। जनप्रतिनिधियों ने श्री साई बाबा के दर्शन कर प्रदेशवासियों की खुशहाली व समृद्धि के लिए कामना की।

### व्यवस्था बनाने में कर रहे स्वेच्छा से सहयोग

श्री साई महोत्सव के पहले दिन सार्वजनिक साई महोत्सव समिति के अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ, सचिव धनेंद्र सिंह चंदेल, उपाध्यक्ष धीरेंद्र शर्मा, शिवाकांत तिवारी, कोषाध्यक्ष सुजीत गुप्ता, सचिव संतोष यदु, प्रचार सचिव सुरेश साहू, अजय सुरपाम, कार्यकारिणी सदस्य विनय चंद्राकर, गणेश निर्मलकर, राकेश सेन, सदस्य रोमनाथ साहू, मुरलीधर राऊत, जयंत खिरोड़कर, दिनेश शर्मा, राजेश धारकर, श्रीधर भजने, सतीश समर्थ, बीएल अग्रवाल, प्रशांत राऊत, अरविंद लोखंडे, अंकित पांडे, मोनू साहू के अलावा अन्य सदस्य व श्रद्धालु व्यवस्था बनाने में जुटे रहे।

# मोबाईल और कम्प्यूटर में रखे स्ट्रांग पासवर्ड डिवाइस के सॉफ्टवेयर को हमेशा करें अपडेट





**भिलाई।** शासकीय डॉ वा वा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के कम्प्यूटर साईंस विभाग द्वारा अंर्तराष्ट्रीय कम्प्यूटर सुरक्षा दिवस के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के प्राध्यापक दिलीप कुमार साहू, कम्प्यूटर साईस विभाग विभागाध्यक्ष गणेश राम नायक, सहायक प्राध्यापक जागृत ठाकुर, नीकू साहू सहित विभाग की छात्राएं उपस्थित थी। इस अवसर पर गणेश राम नायक ने छात्राओं को अपने मोबाईल और कम्प्यूटर में स्ट्रांग पासवर्ड रखने, डिवाइस के सिस्टम व एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर को हमेशा अपडेट रखने की सलाह दी। दिलीप साहू ने हो रहे सायबर फ्रॉड के बारे में जानकारी देते हुए इससे बचने के उपायों पर भी विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन नीकू साहू और जागृत ठाकुर द्वारा किया गया।

# शनि मंदिर में कल मनाई जायेगी भगवान दत्तात्रेय जयंती



- शाम को भजन कीर्तन और सुंदरकांड का पाठ भी
- दोपहर बाद होगा महाप्रसाद का वितरण, जुटेंगे श्रद्धालु

**भिलाई।** सूर्य पुत्र शनि देव और काल भैरव मंदिर परिसर वार्ड 13 नंदिनी नगर अहिवारा में भगवान दत्तात्रेय की जयंती 4 दिसंबर को धूमधाम से मनाई जाएगी। मंदिर के मुख्य पुजारी ईश्वर गिरी गोस्वामी ने बताया कि गुरुवार को शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तिथि शिव योग के शुभ मुहुर्त में मंदिर प्रांगण के अंदर हवन और पूजन किया जाएगा। पूजा सुबह साढ़े 10 बजे से प्रारम्भ होगी और दोपहर बाद भण्डारा प्रसाद का वितरण किया जाएगा। शाम क़ो भजन-कीर्तन और सुन्दर कांड का पाठ किया मंडली दवरा किया जाएगा। पुजारी ने सभी श्रद्धालुओं से भगवान दत्तात्रेय जयंती पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने अपील की है।

## मिशन लक्ष्मी के तहत एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

# युवाओं और महिलाओं को इर्न्फटीलिटी, मेंस्ट्रुअल हाइजीन की दी जानकारी, संतुलित आहार व स्वस्थ जीवनशैली अपनाने किया जागरूक

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एव अनुसंधान केन्द्र द्वारा बीएसपी सीएसआर के तत्वावधान में रूंगटा यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों के लिए मिशन लक्ष्मी के अंतर्गत एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस दौरान युवाओं और महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ ही इर्न्फटीलिटी, मेंस्ट्रुअल हाइजीन, सर्वाइकल कैंसर, संतुलित आहार, स्वस्थ जीवनशैली और महिला सशक्तिकरण पर उपयोगी सुझाव विशेषज्ञ डॉक्टर्स द्वारा दिये गए। एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में लगभग 2 सौ लोगो ने एचबी, शुगर सहित अन्य टेस्ट भी कराएं गए।इस शिविर का शुरुआत अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीषा कांगो ने किया। शिविर का आयोजन युवाओं और महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और आवश्यक नैदानिक परीक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया था।



### स्वास्थ्य और टीकाकरण पर किया मार्गदर्शन

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रभावी स्वास्थ्य सत्र प्रदान किए गए। डॉ. माला चौधरी ने बाल स्वास्थ्य और टीकाकरण पर मार्गदर्शन दिया। वहीं डॉ. मनीला यादव ने इन्फर्टीलिटी, प्रजनन स्वास्थ्य, मेंस्ट्रुअल हाइजीन और कैंसर जागरूकता पर विस्तृत जानकारी दी। लता मिश्रा ने संतुलित आहार, स्वस्थ जीवनशैली और महिला सशक्तिकरण पर उपयोगी सुझाव देते हुए विद्याथर्थियों को जागरूक किया।



### क्विज कांपीटिशन में 25 विजेताओं को मिले पुरस्कार

जागरुकता सत्र के बाद हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्लूकोज, सिकलिंग ब्लड ग्रुपिंग और पैप स्मीयर की ब्लड जांच हुई। जिसमें लगभग 2 सौ विद्यार्थियों और शिक्षकों ने शिविर में भाग लिया और 112 लोगों के ब्लड सैंपल एकत्र किए गए। सभी प्रतिभागियों के लिए क्विज़ का आयोजन किया गया, जिसमें सही उत्तर देने वाले 25 विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। आभार व्यक्त सहायक प्रबंधक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं शशि सिंह द्वारा दिया गया। एक दिवसीय शिविर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. विनीता द्विवेदी, डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर, डॉ. उदय कुमार, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीषा कांगो, महाप्रबंधक निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व शिवराजन नायर और उप प्रबंधक केके. वर्मा इस आयोजन में प्रमुख मेंटर के रुप में उपस्थित रहे।इस शिविर में रूंगटा यूनिवर्सिटी की निदेशक स्कूल ऑफ़ फार्मेसी डॉ. मधुलिका प्रधान, निदेशक हेल्थ साइंसेज डॉ. नेमा बालन और संकाय सदस्य रश्निता शर्मा, मानसी नागदेव, अलका पटेल, कुलविंदर कौर, रेज़ो रॉय और प्रकाश वहाने ने शिविर में विशेष सहयोग दिया। साथ ही जवाहर लाल नेहरु चिकित्सालय की टीम से बुद्धेलाल, शुभम, टेक्नोलॉजिस्ट सारिका और जमुना ने भी अपना योगदान दिया।

सिटी इवेंट

## कवि-सम्मेलन में बिखेरा शब्द-सौंदर्य काव्य संग्रह मानसी का हुआ विमोचन



**भिलाई।** चित्रगुप्त साहित्य समिति द्वारा कवि-सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान काफी संख्या में उपस्थित साहित्यकारों ने अपने शब्द-सौंदर्य से समां बांध दिया। इस अवसर पर नारायण साहित्य शाला भारत ट्रस्ट द्वारा प्रकाशित छंद काव्य संग्रह मानसी का विमोचन कार्यक्रम वैशाली नगर में आयोजित किया गया। पुस्तक के संपादक रामजस त्रिपाठी, कृतकार डॉ.बुद्धसेन शर्मा के काव्य संग्रह की सभी अतिथियों ने सराहना की। जिसके बाद कवि-सम्मेलन और गीत गायन का आयोजन किया गया। कवियत्री सोनिया सोनी, संध्या जैन, ओमवीर कर्ण, डॉ.यशवंत सूर्यवंशी, बैकुंठ महानंद ने मधुर काव्य पाठ कर तालियां बटोरी। संगीत कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जगदीश देवांगन, संतोष शुक्ला, संतोष पांडे, प्रवीण देवघरे, प्रमोद शर्मा शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. मुकेश भटनागर और यश दलवी द्वारा माता सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की गई। सभी अतिथियों ने अपने -अपने विचार व्यक्त किए। पुस्तक के संबंध में डॉ. बुद्धसेन शर्मा ने प्रकाश डाला। इस अवसर पर शिक्षाविद व महाविद्यालय पूर्व प्राचार्य डॉ. महेशचंद्र शर्मा, नरेन्द्र सिक्केवाल, मोहनलाल चतुर्वेदी, डॉ बलदाऊ राम साहू, समिति के संस्थापक व अध्यक्ष डॉ. मुकेश भटनागर, सचिव डॉ. बुद्धसेन शर्मा, कोषाध्यक्ष अनिल पाण्डेय, प्रशांत श्रीवास्तव सहित कई साहित्यकार उपस्थित थे। वीरेन्द्र कुमार तिवारी अर्जुनी-राजनांदगांव ने कार्यक्रम का संचालन किया।

समाज इवेंट

## सामाजिक लोगों को जागरुक करने अंजुमन कमेटी ने लगाया शिविर



**भिलाई।** अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन कमेटी दुर्ग के तत्वावधान में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के सर्वे को लेकर समाज को जागरूक करने तकिया पारा दुर्ग वार्ड 8 में शिविर लगाया गया। अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन कमेटी शहर दुर्ग के अध्यक्ष सैय्यद आसिफ अली ने बताया कि शिविर का मकसद समाज को जागरूक करने के साथ साथ एसआईआर सर्वे के दवरा मिलने वाले गणना प्रपत्र को सही सही भरने एवं लगने वाले दस्तावेजों की जानकारी दिया गया। जिन लोगों के द्वारा गणना प्रपत्र को गलत भरा है उसे सुधारने में सहयोग किया, साथ ही साथ जिन लोगों ने गणना प्रपत्र नहीं भरा था उनके प्रपत्र को ऑनलाइन और ऑफ लाइन भरकर दिया गया। शिविर में सभी समाज के लोगों ने आकर अपना फार्म भरा और एसआईआर के बारे में जानकारी ली। इस शिविर में समाज के सम्मानित जाकिर हुसैन खोखर,शरीक अली, सोबी खान,रहीमुद्दीन सिद्दीकी, तबरेज खान,अब्दुल मुकीम,साहिल खान, सैय्यद जावेद अली और समाज के अन्य लोग मौजूद थे।

- एसआईआर सर्वे को लेकर किया जागरूक तकियापारा में लगाया शिविर

सिटी लाइव

## एड्स दिवस पर किया नुक्कड़ नाटक, निकाली गई रैली



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ नर्सिंग महाविद्यालय धनोरा में विश्व एड्स दिवस जागरूकता और सक्रिय सहभागिता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य प्रिंस वर्गीस ने एड्स की रोकथाम, जागरूकता और बचाव उपायों पर मार्गदर्शन देकर की। छात्रों और स्टाफ ने मिलकर धनौरा और हनोदा में एड्स जागरूकता रैली निकाली, जहां लोगों को सुरक्षित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। रैली के बाद विद्यार्थियों ने ग्रामवासियों के सामने प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया और एड्स से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। गांव के लोगों ने भी उत्साह से कार्यक्रम में सहभागिता की। अंत में सभी उपस्थितों ने एड्स को समाज से समाप्त करने का संकल्प लिया।

● गुरु घासीदास सेवा समिति, सेक्टर-6 भिलाई में राज्य स्तरीय सम्मेलन में दूरदराज से पहुंचे लोग

# 300 युवतियों और 150 युवकों ने मनपसंद जीवनसाथी चुनने दिया अपना परिचय, समाज करायेगा आदर्श विवाह

भिलाई। गुरु घासीदास सेवा समिति के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सतनामी समाज युवक–युवती परिचय सम्मेलन और आदर्श विवाह समारोह का आयोजन सतनाम भवन, सेक्टर–6 भिलाई में आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्य के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में युवक-युवती अपने परिवार सहित पहुंचे और मंच पर अपना परिचय देकर विवाह के लिए सहमति जताई। इस दौरान मंच पर 300 युवतियों और 150 युवकों सहित 500 से अधिक प्रतिभागी ने अपना परिचय दिया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु घासीदास बाबा के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना कर की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भिलाई विधायक देवेंद्र यादव, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की फिजियोथेरेपिस्ट डॉ आकांक्षा सत्यवंशी, पूर्व संभाग आयुक्त भारत लाल बंजारे, एल. रात्रि, के. के.खेलवार उपस्थित रहे।



### हर परिवार में लड़कियों को आगे आकर जिम्मेदारियां का निर्वहन करना चाहिए



आकांक्षा सत्यवंशी ने अपने उद्बोधन में कहा की विश्व पटल पर समाज को गौरवान्वित करने का मुझे अवसर मिला। समाज के हर परिवार में लड़कियों को आगे आकर जिम्मेदारियां का निर्वहन करना चाहिए। विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि सतनाम भवन मेरा राजनीतिक जन्म स्थल है, जहां से मैं आगे बढ़ा हूं। उन्होंने सभी को मनखे-मनखे एक समान बाबा के आदेश को आत्मसात करने की बातें कही। विधायक ने दूर दराज से आये युवक-युवतियों को यहां आकर अपना परिचय देने और उत्तम जीवनसाथी के साथ नया जीवन शुरु करने शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अध्यक्ष बी.एल .कुर्रे ने स्वागत उद्बोधन दिया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा समाज के प्रतिभावानों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

### समाज का उत्थान करने किया सम्मानित

कार्यक्रम में लगभग 500 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। मंच पर 300 युवतियों और 150 युवकों ने अपना परिचय दिया। समाज उत्थान में योगदान देने वाले विशिष्टजनों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समिति द्वारा दो जोड़ों का आदर्श विवाह भी राजमहंत जवाहर कौशल के सानिध्य में सम्पन्न कराया गया। नवविवाहितों को समिति की ओर से उपहार प्रदान किए गए। समिति ने कहा कि परिचय सम्मेलन में बने उपयुक्त जोड़ों के आदर्श विवाह आगे भी सतनाम भवन में ही संपन्न कराए जाएंगे। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष बी.एल. कुर्रे, एन. आर.गिलहरे, दिवाकर गायकवाड़ टेकराम बंजारे, सम्भू डहरिया, योगेश चतुर्वेदी और राजेन्द्र महिलांग सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

रुंगटा प्रीमियर लीग का आयोजन

## गर्ल्स और ब्वायज टीम ने दिखाई प्रतिभा, विजेता टीम को मिली ट्राफी



**भिलाई।** रुंगटा प्रीमियर लीग जिला स्तरीय इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट डे-नाईट का आयोजन भिलाई में किया गया। पहली बार छात्राओं के लिए भी प्रीमियर लीग 1.0 के अंतर्गत 12 स्कूल की टीमों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। छात्रों के लिए प्रीमियर लीग 4.0 के अंतर्गत 56 स्कूल की टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया।

बीएसपी सेक्टर 10, बीएसपी सेक्टर 7, भिलाई नायर समाजम, सेक्टर 8 एस एन जी विद्या भवन सेक्टर 4, केंद्रीय विद्यालय दुर्ग, मैत्री विद्या निकेतन, डीपीएस दुर्ग, शकुंतला विद्यालय रामनगर, कृष्णा पब्लिक स्कूल नेहरू नगर, कृष्णा हायर सेकेंडरी स्कूल राम नगर, नालंदा हायर सेकेंडरी स्कूल भिलाई सहित अन्य स्कूल शामिल हुए। छात्राओं के लिए आयोजित रुंगटा प्रीमियर लीग का फाइनल मैच, प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग और मैत्री विद्या निकेतन के मध्य खेला गया। जिसमें प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग ने प्रीमियर लीग के विजेता बने। छात्रों के फाइनल में स्वामी आत्मानंद शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल उतई ने प्रीमियर लीग के विजेता का स्थान अर्जित किया। चेयरमैन संजय रूंगटा ने छात्राओं की विजेता टीम को विजेता ट्राफी सहित 11 हजार नगद के साथ ही प्रत्येक खिलाड़ी को 5100 रु की छात्रवृत्ति और उपविजेता टीम को ट्राफी सहित 5100 रु की नगद सहित प्रत्येक खिलाड़ी को 3100 रु की की छात्रवृत्ति प्रदान करते हुए दोनों टीम को प्रोत्साहित किया। डायरेक्टर डॉ साकेत रुंगटा ने छात्रों की विजेता टीम को विजेता ट्राफी व 11 हजार नगद और प्रत्येक खिलाड़ी को 5100 की छात्रवृत्ति प्रदान की। इस अवसर पर संजय रूंगटा ने कहा कि क्रिकेट आज के युवा की खेल में पहली पसंद है। इस प्रकार के टूर्नामेंट के आयोजन से ही स्कूल स्तर पर नई प्रतिभा को सामने आने का मौका मिलेगा। इस अवसर पर चेयरमैन संजय रुंगटा, डायरेक्टर डॉ. साकेत रुंगटा, जनरल मैनेजर अभिषेक सोनी, डीन एडमिनिस्ट्रेशन डॉ प्रीति नवीन यादव ने उपस्थित होकर विद्यार्थियों के टीम की मेहनत और खेल भावना की सराहना की।

गनियारी में तीन दिवसीय रामकथा

## 19 से 21 दिसंबर तक संगीतमय श्रीराम कथा सुनने जुटेंगे श्रद्धालु



**भिलाई।** जय मां विध्नवासिनी महिला समिति गनियारी के तत्वावधान में संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है समिति के अध्यक्ष डॉक्टर निर्मला भारती ने बताया कि गनियारी में तीन दिवसीय श्रीराम कथा की अमृत धारा प्रवाह होने जा रहा है। जिसमें कथावाचक को श्रीफल से भेंटकर निमंत्रण पत्र दिया। प्रसिद्ध कथा वाचक और वाल्मीकि ज्ञान रत्न अवार्ड से सम्मानित आचार्य हरीश के मुखारबिंद से सुनने का अवसर श्रद्धलुओं को मिलेगा। आयोजको ने राम कथा को सुनकर उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का प्रयास कर लोगो को अध्यात्म से जोड़ने के लिए कथा का आयोजन किया ज रहा है। आयोजन में समिति की उपाध्यक्ष लक्ष्मी ठाकुर, यामिनी नायक, चित्रेखा पटेल, नीरा ठाकुर, कोषाध्यक्ष रेखा, सचिव कविता ठाकुर, प्रचार सचिव मंजू ठाकुर, सतवंती धीवर, लता मांडवी, सदस्य राधा ठाकुर, हेमलता ठाकुर, अंजू धीमर, नीरा ठाकुर, यमुना धीमर, रंभा ठाकुर, श्याम बाई पटेल, नारायणी ठाकुर, सीताप्रेमलाल साहू, रामकुमार साहू, सोहन लाल साहू, अमर साहू सहित सभी सदस्य तैयारी में जुटे हुए है।

## 6 दिसम्बर 2025 को विकलांग दिवस का आयोजन

**भिलाई।** 6 दिसंबर को समय 10 बजे से प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विकलांग दिवस का आयोजन दिव्यांग सामर्थ्य समिति, मां वात्सल्य दिव्यांग सेवा संस्थान तथा जन समर्पण सेवा संस्थान द्वारा जीई रोड राशि चक्र बाल उद्यान नेहरू नगर भिलाई में आयोजित है। इसमें विकलांग के पेंशन वृद्धि व रोजगार आदि से संबंधित मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री को सौंपा जाएगा। नए शामिल हुए दिव्यांगजन अपने समस्त प्रमाण-पत्रों की फोटो कापी व 2 फोटो साथ लाने कहा गया है। इस अवसर पर गीत, डांस, खेल, रंगोली आदि को प्रतियोगिता रखी गई है। सभी दिव्यांगजनों के लिए दोपहर के भोजन की व्यवस्था है तथा यथासंभव उपहार भी प्रदान किया जाएगा। इस कार्यक्रम के संयोजक दिव्यांग सामर्थ्य समिति के अध्यक्ष शान्त कुमार देठे हैं। समस्त दिव्यांग जनों की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

एक दिवसीय कार्यशाला में उच्च शिक्षा के लिए किया प्रेरित

## बुटिक और फास्टफूड शॉप से बेरोजगारी की समस्या का बताया समाधान, पूर्व छात्राओं ने किया शेयर अनुभव

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर, महाविद्यालय दुर्ग के अर्थशास्त्र विभाग में स्व-रोजगार के लिए मार्गदर्शन व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसके लिए स्वयं का रोजगार चला रही भूतपूर्व छात्राओं को आमंत्रित कर उनके अनुभव साझा किये गए। इस दौरान सिलाई कढ़ाई कर बुटिक और फास्ट फूड शॉप का संचालन करने वाली छात्राओं ने फायदे और नुकसान से बचने के टिप्स दिए और बेरोजगारी की समस्या का भी समाधान बताया।



### कम लागत पर शुरु करने विषय पर दिए सुझाव





आमंत्रित भूतपूर्व छात्रा कोमल देवांगन 2024-25 में एम.ए. अर्थशास्त्र की छात्रा रही है। जो सिलाई प्रशिक्षण संस्था चला रही है। उसने छात्राओं को सिलाई, कटिंग-टेलरिंग के प्रशिक्षण एवं घर में ही कम लागत पर शुरु करने विषय पर सुझाव दिये। सत्र 2020-21 में उत्तीर्ण कोमल देवांगन सहित अर्थशास्त्र विषय में रुचि रखने और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने वाली छात्राओं को नेट, सेट की पढ़ाई और पी.एच.डी. के लिए मार्गदर्शन दिया। छात्राओं ने व्याख्यान के आयोजन में बड़े उत्साह के साथ अपनी सहभागिता दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीपक कश्यप ने किया और छात्राओं को प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा शांत करने प्रोत्साहित किया। आभार प्रदर्शन डॉ. कमलेश चेलक ने किया।

### अपने अंदर छुपी प्रतिभाओं को पहचानकर व्यवसाय का रूप दें

छात्राओं को संबोधित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे व्याख्यान के आयोजन का उद्देश्य छात्राओं को स्वयं के अंदर छुपी प्रतिभा को पहचान कर उसे व्यवसाय का रुप कैसे दिया जा सकता है इसके लिए प्रोत्साहित करना है। विभागाध्यक्ष डॉ. मुक्ता बाखला ने भूतपूर्व छात्राओं का परिचय वर्तमान की छात्राओं से कराते हुए कहा कि आमंत्रित सभी छात्राएं इसी महाविद्यालय की एम.ए. अर्थशास्त्र की छात्राएं है जिन्होने स्वयं की रुचि एवं प्रतिभा को पहचान कर उसे एक व्यवसाय का नाम दिया और उससे आय अर्जित कर रही है। वैसे ही आप भी अपने अंदर की प्रतिभा को पहचान कर उसे व्यवसाय का रुप दे सकते है इससे बेरोजगारी की समस्या का भी समाधान होगा।

## सिटी स्पोर्ट्स

### महिला क्रिकेट में नित्या-11 विजेता



**भिलाई।** सेक्टर 7 स्थित है क्रिकेट ग्राउंड में ग्रहणियों के लिए क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें नित्या-11 की टीम विजेता रही। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि विधायक देवेंद्र यादव, पद्मश्री फुलबसन यादव एवं तरुणा साहू उपस्थित थे। आयोजनकर्ता रानू प्रधान ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

### अंडर-19 में रूद्र बने प्लेयर ऑफ द मैच



**भिलाई।** गोविंद चौहान क्रिकेट एकेडमी एवं एनसीए के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंडर-19 एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत मंगलवार को रोमांचक मैच हुए। कल्याण कॉलेज सेक्टर-7 मैदान में आरके अकादमी विरुद्ध भिलाई वॉरियर्स के मैच में आरके अकैडमी ने चार विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच रुद्र प्रताप सिंह को विनोद देवघरे के हाथों पुरस्कृत किया गया। बल्लेबाजी भिलाई वॉरियर्स 119 रन पर आउट हुए। हन्नान कुरैशी ने 24 रन, अक्षय ने 20 रन, प्रियांशु ने 15 रन और अंश फुले ने नॉट आउट 14 रन बनाए। गेंदबाजी में आरके अकादमी के रुद्र प्रताप सिंह ने पांच विकेट, देव मांडले एवं अभिनव ने दो-दो विकेट लिए। वैभव ने एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में आरके अकादमी ने 6 विकेट पर 120 रन, डी जतिन ने नॉट आउट 29 रन, अभिषेक शुक्ला ने नॉट आउट 29 रन, सम्यक सिंघई ने 21 रन और हर्ष मिश्रा ने 20 रन बनाए। गेंदबाजी में भिलाई वॉरियर्स के समीर कोसरे ने तीन विकेट और शुभम एवं गणेश नागवानी ने एक-एक विकेट लिए। मैच के अंपायर पीयूष साहू एवं हिमाचल साहू थे।

### फुटबॉल में रायपुर, राजनांदगांव, कोरबा और दुर्ग ने जीते अपने मैच



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के तत्वाधान में राज्य स्तरीय फ़ुटबॉल पुरुष प्रतियोगिता सत्र 2025-26 मंगलवार से शुरू हुई। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर पी.जी स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के द्वारा सेक्टर 9 भिलाई नगर फ़ुटबॉल मैदान में यह प्रतियोगिता 4 दिसंबर तक चलेगी। मंगलवार को पहला मैच रायपुर सेक्टर एवं रायगढ़ सेक्टर के मध्य खेला गया। जिसमें रायपुर सेक्टर 5-0 गोल से जीत हासिल की। दूसरा मैच राजनांदगांव सेक्टर एवं दक्षिण बस्तर सेक्टर के मध्य खेला गया। जिसमें राजनांदगांव सेक्टर 2-0 गोल से विजयी रहा। तीसरा मैच कोरबा सेक्टर एवं जांजगीर चाँपा सेक्टर के मध्य खेला गया। जिसमें कोरबा सेक्टर ने 4-0 गोल से मैच जीता। इसके पश्चात पहले दिन का अंतिम मैच दुर्ग सेक्टर एवं बलौदाबाजार सेक्टर के मध्य हुआ। जिसमें दुर्ग सेक्टर के खिलाड़ियों ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन करते हुए 10-0 गोल से दुर्ग सेक्टर एकतरफ़ा जीत हासिल की।

### राज्य स्तरीय इंटर कॉलेज बैडमिंटन मे रायपुर सेक्टर टीम उपविजेता



**रायपुर।** उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान मे शासकीय आदर्श कॉलेज कोंडागांव द्वारा 28 से 29 नवंबर तक आयोजित राज्य स्तरीय इंटर कॉलेज बैडमिंटन प्रतियोगिता मे पुरुष और महिला दोनों ही वर्गो मे रायपुर सेक्टर की टीम उप विजेता रही। इस आयोजन के बाद रविशंकर यूनिवर्सिटी की बैडमिंटन महिला और पुरुष टीम का चयन किया गया। जो आगामी माह सम्बलपुर ओड़सिा मे आयोजित ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता मे भाग लेगी।

### राज्य स्तरीय मुक्केबाजी के लिए जिला बॉक्सिंग टीम का किया गया चयन

**रायपुर।** रायपुर जिला एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा 29 नवंबर को सुभाष स्टेडियम में प्रदेश एशोसिएशन की ओर से जिला टीम चयन प्रतियोगिता रखी गई। जो भिलाई नगर में 11 से 13 दिस्मबर तक आयोजित 17 वीं राज्य स्तरीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप सीनियर पुरुष व महिला वर्ग में हिस्सा लेगी। जिसमें आरड़ीएबीए के अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर, उपाध्यक्ष विवेक साहू, सचिव नवीन दास, कोषाध्यक्ष चंद्रकांत परगनिया एवं सहायक कोच हिमांशु पांडे उपस्थित हुए।

## मौसम बदलते ही बढ़ जाती है संक्रमण से होने वाली शिकायतें

# एलर्जी के कारण खांसी होने पर नजर आते हैं ये लक्षण, जरूर अपनाएं ये घरेलू इलाज

मौसम करवट लेते ही इंफेक्शन और एलर्जी की समस्या बढ़ जाती है। इससे लोगों को सर्दी और जुकाम की समस्या होती है। एलर्जी से होने वाली खांसी एक बहुत ही कॉमन समस्या है जो धूल, पराग कण जैसी चीजों के संपर्क में आने से हो जाती है। हालांकि इसका इलाज न किए जाए तो आप लंबे वक्त तक परेशान रह सकते हैं। कई बार तो लोगों को समझ ही नहीं आता है कि उन्हें किस वजह से खांसी हो रही है। ऐसे में आज हम आपको बताएंगे कि आखिर एलर्जी वाली खांसी होने पर कौन से लक्षण दिखाई देते है।

### एलर्जी के कारण खांसी होने पर नजर आते हैं ये लक्षण

गले में खुजली होकर खांसी आना,गले में बहुत ही ज्यादा खराश होना,गले में दर्द होना,पानी या कुछ भी लिक्विड पदार्थ घोंटने में परेशानी होना,नाक कान में खुजली होना,नाक बंद हो जाना और छींक आना ,बुखार,सिर दर्द और छाती में जकड़न होना।

एलर्जी से खांसी होने पर लक्षण जैसे छींक आना, गले में खराश, नाक बहना या बंद होना, और आँखों में खुजली हो सकती है। राहत के लिए आप गर्म पानी में शहद और काली मिर्च मिलाकर



पी सकते हैं, भाप ले सकते हैं, और नमक के पानी से गरारे कर सकते हैं। खूब पानी पीकर और हवा को नमीयुक्त रखकर भी आराम मिल सकता है। लक्षण में बार-बार छींकें आना। नाक से पानी बहना या उसका बंद हो जाना। गले में जलन या खराश महसूस होना। आँखों में खुजली और पानी आना। सूखी या बलगम वाली खांसी होना शामिल हैं।

### कुछ घरेलू इलाज

शहद और गर्म पानीः एक चम्मच शहद को गर्म पानी में मिलाकर पिएं। यह गले की जलन को कम करने में मदद कर सकता है। भाप लेने से श्वसन मार्ग में जमा बलगम ढीला होकर बाहर निकल जाता है और बंद नाक खुलती है। नमक के पानी से गरारे करने से गले की जलन कम होती है और बलगम साफ होता है। पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ पीने से बलगम पतला होता है, जिससे उसे बाहर निकालना आसान होता है।

ह्यूमिडिफायर का उपयोगः हवा में नमी बनाए रखने से गले को आराम मिलता है और खांसी कम होती है।पुदीना चायः पुदीने की चाय पीना या पुदीने की पत्तियों को गर्म पानी में उबालकर पीना फायदेमंद हो सकता है। तकिया और पर्दे धोएंः धूल के कण एलर्जी के



सबसे आम कारणों में से एक हैं, इसलिए तकिए और पर्दे जैसी चीजों को नियमित रूप से धोना चाहिए। सिर ऊंचा करके सोएंः सोते समय सिर ऊंचा रखने से रात में होने वाली खांसी कम हो सकती है। यदि लक्षण गंभीर हों, जैसे निगलने में कठिनाई, खून खांसना या तेज बुखार हो, तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें।

तुलसी की चाय पीना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। इसमें एंटी इंफ्लेमेटरी, एंटी बैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण होते हैं जो गले से जुड़े संक्रमण कम करने



में कारगर होती है। स्टीम लेने से भी खांसी में आराम मिल सकता है। आप पुदीने के पत्तों को गर्म पानी में डाल कर भाप लें। इससे गले से लेकर फेफड़ों तक की सफाई होती है। गले में मौजूद एलर्जीक कण निकल जाते हैं। अदरक औषधीय गुणों से भरपूर होता है ऐसे में आप अदरक का सेवन करके एलर्जी को दूर कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए आफ अदरक के छोटे टुकड़ों को पानी में उबालकर पी सकते हैं। नमक के पानी से गरारे करने से भी खांसी में आराम मिल सकता है। नमक वाला पानी मुंह और गले में मौजूद बैक्टीरिया को मारने में मदद करता है।-

## 30वीं राष्ट्रीय रोड साइक्लिंग प्रतियोगिता ओडिशा के लिए छत्तीसगढ़ टीम रवाना

भिलाई। साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 30वीं राष्ट्रीय रोड साइक्लिंग प्रतियोगिता 6 दिसंबर तक संबलपुर ओडिशा में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु छत्तीसगढ़ टीम 30 नवंबर को संबलपुर के लिए रवाना हुई।



साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के महासचिव

- **साइकलिंग एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष डॉ हिमांशु द्विवेदी ने खिलाड़ियों को दी शुभकामनाएं**

विनायक चन्नावार ने बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए टीम ने बेहतर तैयारी की है। साइकलिंग एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष डॉ हिमांशु द्विवेदी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है। इसके पूर्व खिलाड़ियों को एनआईएस कोच प्रतीक मनोध्या के मार्गदर्शन में विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था। छत्तीसगढ़ टीम के खिलाड़ी इंडिविजुअल टाइम ट्रायल, टीम टाइम ट्रायल, मास स्टार्ट रोड रेस जैसे इवेंट में भाग लेगी। टीम में सीनियर वर्ग में दिव्यांशु सिंह (बिलासपुर), अमन पटेल (रायगढ़), साहिल नागवंशी (दुर्ग) व ईश्वर सिन्हा (बलौदा बाजार) हैं, वहीं सीनियर महिला में प्रीति यादव (दुर्ग), जूनियर बालक में राहुल निर्मलकर (दुर्ग), वंश प्रधान (रायगढ़), जूनियर बालिका में चंद्रेश्वरी एवं किरण जामेवार (साल्हेवारा, खैरागढ़) सब जूनियर बालक में विहान सिंह गुप्ता (दुर्ग), अतुल प्रधान (रायगढ़), हेमेंद्र साहू (दुर्ग), नक्षत्र दत्ता (बिलासपुर) सब जूनियर बालिका वर्ग में मेघा साहू (दुर्ग), कुमेश्वरी ( साल्हेवारा, खैरागढ़), पुष्पांजलि (दुर्ग) हिमानी सिन्हा (दुर्ग), यूथ बालक में सनी कुमार (दुर्ग), लक्ष्य रात्रे ( बिलासपुर), तुषार देवांगन (दुर्ग), दिव्यांशु वर्मा ( दुर्ग) तथा यूथ बालिका में साक्षी सलामे (दुर्ग), कट्टा नेहा (दुर्ग), रेशमी साहू (दुर्ग) एवं गीतिका साहू (दुर्ग) हैं। कोच श्री प्रतीक मनोध्या, देवप्रकाश वर्मा, अभिषेक जायसवाल तथा मैनेजर शशांक देशमुख एवं मंदाकिनी यादव हैं। साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के महासचिव विनायक चन्नावार, मां शारदा पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर पवन कुमार शर्मा, बीएसपी साइक्लिंग क्लब के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर, छत्तीसगढ़ साइकिल पोलो एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ रमेश श्रीवास्तव, बीएसपी साइकिल पोलो क्लब के अध्यक्ष परविंदर सिंह, साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के कोषाध्यक्ष बीना मिश्रा, संयुक्त सचिव तोषेंद्र वर्मा, पीटीआई शशिकांत पांडे, अंतरराष्ट्रीय सायकल पोलो खिलाड़ी एस संतोष राव, अभिषेक मिश्रा आदि ने प्रतियोगिता हेतु छत्तीसगढ़ टीम को शुभकामनाएं दी है।

## बीटरूट खाने में नखरे दिखाते हैं बच्चे, तो कुछ इस तरह से करें भोजन में शामिल



बहुत से घरों में लोग चुकंदर खाना पसंद नहीं करते हैं, क्योंकी उसका स्वाद बेहद अजीब होता है। ऐसे में आज हम आपको बीटरूट को डाइट में शामिल करने के लिए कुछ टिप्स लाए हैं।

बीटरूट जिसे हिंदी में चुकंदर कहा जाता है। इसमें विटामिन सी, मैंगनीज, पोटेशियम, फाइबर और आयरन समेत कई दूसरे पोषक तत्व पाए जाते हैं। चुकंदर के सेवन से शरीर से खून की कमी भी दूर होती है। लेकिन बच्चे और बड़े हर कोई इसे खाने में आनाकानी करते हैं। ऐसे में आज हम आपको चुकंदर को अपनी डाइट में शामिल करने के लिए कुछ टिप्स बताएंगे, जिससे लोग बहुत आसानी से इसे खाएंगे। दरअसल चुकंदर का स्वाद खाने में बेहद अजीब होता है इसलिए लोग इसे खाना पसंद नहीं करते हैं। ऐसे में बताए गए ये आसान युक्तियां आपके काम आएगी।

**बेक्ड चुकंदरः** कच्चा चुकंदर खाने के बजाए उसे बेक करें और स्वादिष्ट मसाले के स्वाद के साथ इसके स्वाद का मजा लें। चुकंदर को अच्छे से धोकर छील काट लें और उसमें ऑलिव ऑयल ब्रश करें फिर नमक, मिर्च, रोजमेरी और पार्सले डालकर ओवन में बेक करने के लिए रखें। कुछ देर में आपका बेक्ड बीटरूट चिप्स तैयार है, इसे खाने के लिए सर्व करें।

**चुकंदर पराठेः** चुकंदर और पत्ता गोभी की स्टफिंग से तैयार एक स्वादिष्ट पराठे की रेसिपी है, जिसे हर कोई खाना पसंद करेंगे और इसके पोषण भी आपको मिलेगी। आलू या पत्ता गोभी के चोखा में अच्छे से चुकंदर को बारीक काट कर या घीसकर मिलाएं। अब इस स्टफिंग से पराठे बनाएं।



## सेहत से जुड़ी समस्याओं का एक इलाज योगासन

सर्दियों में सेहत से जुड़ी कई समस्याएं परेशान करती हैं। ऐसे में आप रोजाना इस योगासन को घर पर आसानी से करके खुद को फिट रख सकते हैं।

ऐसे में परेशान होने की बजाय, अपने फिटनेस रूटीन में इस आसान योगासन को शामिल करें। जी हां, हम तितली आसन के बारे में बात कर रहे हैं। इसे आप आसानी से घर पर करके हेल्थ से जुड़ी कई समस्याओं को दूर कर सकती हैं। इसके बारे में अक्षर योग केंद्र के संस्थापक, योग और आध्यात्मिक गुरु हिमालय सिद्ध अक्षर बता रहे हैं।

एक्सपर्ट का कहना है, "तितली आसन योग में सबसे महत्वपूर्ण आसनों में से एक है, जिसके बहुत सारे स्वास्थ्य लाभ हैं। इसे द बटरफ्लाई पोज के नाम से भी जानते हैं। तितली आसन का नाम वास्तव में संस्कृत के शब्दों से आया है और सभी शब्दों को मिलाकर इसका उच्चारण बनता है। यह आसन तितली की शारीरिक मुद्रा से काफी मिलता-जुलता है, इसलिए इस आसन को तितली आसन का नाम दिया गया है।"



### तितली आसन के स्वास्थ्य लाभ

तितली आसन के बहुत सारे स्वास्थ्य लाभ हैं, उनमें से कुछ स्वास्थ्य लाभों में थाइज, हिप्स और काफ को मजबूत करना, पाचन स्वास्थ्य में सुधार करना, डिलीवरी को नेचुरली बढ़ावा देना, थाइज एरिया के फैट को कम करना, लिवर और किडनी के कार्य में सुधार करना और तनाव और चिंता से राहत देना शामिल है।

### थाइज, हिप्स और पिंडली को करता है मजबूत

तितली आसन रेगुलर करने इन तीनों हिस्सों की मसल्स पर स्ट्रेच आता है। ऐसा इसलिए क्योंकि आसन करते समय मसल्स पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, जिससे इन हिस्सों में ब्लड फ्लो बढ़ जाता है। इसके अलावा, इससे ज्यादा मात्रा में ऑक्सीजन और पोषण मिलता है, जिससे मसल्स में मजबूती आती है।

### किडनी और लिवर के काम में होता है सुधार

यह किडनी और लिवर में प्रेशर बनाता है, जो स्ट्रेस हार्मोन का उत्पादन करता है और किडनी और लिवर को बेहतर कार्य करने के लिए उत्तेजित करता है। इसके अलावा, यह लिवर और किडनी में जमा फैट को कम करता है।

### पाचन स्वास्थ्य में करता है सुधार

यह पाचन संबंधी समस्याओं जैसे कब्ज को रोकता है, क्योंकि तितली आसन करते समय पेट और आंतों पर प्रेशर बनता है, जिससे शरीर तनाव पैदा करता है। रोजाना इस योगासन को करने से पाचन तंत्र का कार्य बढ़ता है, जो उचित मल त्याग में सुधार करता है और यह पाचन रस और एंजाइम के उत्पादन को बढ़ाता है। इसके अलावा, यह जटिल प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट को आसानी से पचाता है।



कार्नर न्यूज

## खरमास में भूलकर भी न खरीदें ये चीजें, बढ़ सकती हैं मुश्किलें

# खरमास में अगर खरीदारी करने जा रहे हैं तो रुक जाएं, ज्योतिष की सलाह पर भी ध्यान दें

सनातन धर्म में खरमास को बेहद अशुभ माना जाता है। इस माह में कोई भी शुभ काम करने से बचना चाहिए। ज्योतिष शास्त्र में जिस दिन सूर्यदेव धनु राशि में प्रवेश करते हैं, उसी दिन से खरमास का महीना शुरू हो जाता है। इस दौरान सभी मांगलिक कार्यों पर रोक लगा दिया जाता है। खरमास में कोई भी नई चीज खरीदने की मनाही होती है। वहीं इस साल खरमास का आरंभ दिनांक 16 दिसंबर 2025 से होने जा रहा है और इसका समापन दिनांक 14 जनवरी 2026 को होगा। बता दें, सूर्यदेव जब मकर राशि में प्रवेश करते हैं, तो खरमास समाप्त हो जाएगा।

खरमास में कोई भी शुभ कार्य करने की मनाही होती है, लेकिन पूजा-पाठ नियमित रूप से किया जा सकता है। अब ऐसे में खरमास में किन चीजों की खरीदारी करने की मनाही होती है। इसके बारे में जानना जरूरी है। आइए इस लेख में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।

खरमास में कभी भी आभूषण की खरीदारी नहीं करनी चाहिए। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार खरमास के दौरान सूर्य (सूर्य मंत्र) की चाल धीमी हो जाती है, जिसके कारण राहु का प्रभाव अधिक हो



जाता है और व्यक्ति को अशुभ फलों की प्राप्ति होती है। खरमास में आभूषण खरीदने से व्यक्ति को अशुभ परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए आभूषण खरीदने से बचें। इससे माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्ति नहीं होती है। खरमास में अगर आप नए वस्त्र खरीदने की सोच रहे हैं, तो इसे खरीदने से बचें। क्योंकि इस दौरान ग्रहों का शुभ प्रभाव कम हो जाता है और अशुभ प्रभाव अधिक बढ़ जाता है। जिसके कारण जातक की कुंडली पर इसका अशुभ असर पड़ता है। इसलिए नए वस्त्र खरीदने से बचना चाहिए।

खरमास में वाहन खरीदने से बचना चाहिए। क्योंकि इस दौरान गुरु की स्थिति कमजोर हो जाती है और इस समय वाहन खरीदने से अशुभ परिणाम मिलते हैं। इसलिए वाहन खरीदने से बचें।

खरमास में नया प्लॉट नहीं खरीदना चाहिए। इससे व्यक्ति को घाटा हो सकता है और कभी सफलता की प्राप्ति नहीं होती है। इसलिए अगर आप खरमास में कोई भी नया चीज खरीदने की सोच रहे हैं, तो अभी के लिए टाल दें। इससे कुंडली में गुरुदोष (गुरुदोष उपाय)उत्पन्न हो सकता है और काम में भी बाधाएं आने की संभावना होती है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## मिस यूनिवर्स 2025 फातिमा बॉश के लिए आसान नहीं रहा सफर

मेक्सिको की 25 साल की मॉडल फातिमा बॉश वो ब्यूटी क्वीन हैं, जिन्होंने अपनी एलीगेंस और कॉन्फिडेंस के दम पर मिस यूनिवर्स 2025 का ताज जीतकर दुनिया भर में सुर्खियां बटोरीं। कुछ ही मिनटों में उनका नाम दुनिया भर के सोशल मीडिया पर छा गया। लोग बस एक ही चीज जानना चाहते हैं कि आखिर कौन हैं फातिमा, जिसने कुछ घंटों में दुनिया का दिल जीत लिया।



फातिमा बॉश का जन्म 19 मई 2000 को मेक्सिको के टीपा, टबैस्को में हुआ था। उनके पिता का नाम बर्नार्डो बॉश हर्नांडेज और मां का नाम वैनेसा फर्नांडीज बाल्बोआ है। उनका एक भाई है, जिसका नाम बर्नार्डो बॉश है। फातिमा ने अपनी हाई स्कूल की पढ़ाई कोलेजियो अर्जी से पूरी की। इसके बाद 2021 से 2024 तक उन्होंने मेक्सिको सिटी की यूनिवर्सिडैड इबेरोमेरिकाना विश्वविद्यालय में फैशन डिजाइन में बैचलर डिग्री हासिल की। फातिमा मेक्सिको ने सबसे पहले 2018 में 'फ्लोर ताबास्को' का टाइटल जीता। उसके बाद मिस यूनिवर्स मेक्सिको 2025 और अब मिस यूनिवर्स 2025 का ताज अपने नाम कर लिया। इस जीत से उन्होंने मेक्सिको का नाम पूरी दुनिया में रोशन कर दिया।

रिपोर्ट्स के अनुसार, मिस यूनिवर्स 2025 का ताज पहनने से पहले, फातिमा को एक कठिन चुनौती का सामना करना पड़ा था। जब मिस ग्रैंड इंटरनेशनल के निदेशक और मिस यूनिवर्स के आयोजकों में से एक डायरेक्टर नवात इटसारागिसिल ने फातिमा से रूखे लहजे में सवाल किए और उन्हें 'बेवकूफ' कहा था।

### टॉलीवुड

## विजय की फिल्म में 'द ममी' फेम अर्नोल्ड वोस्लू की इंट्री, सेट से तस्वीर वायरल

साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा की फिल्म में हॉलीवुड के विलेन के काम करने की खबरें जोरों पर हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि अर्नोल्ड वोस्लू फिल्म में अहम किरदार निभाएंगे। उनकी सेट से तस्वीर भी वायरल हो रही है। उन्हें हाल ही में हैदराबाद में विजय देवरकोंडा की पीरियड एक्शन ड्रामा 'वीडी 14' के सेट पर देखा गया, जिसके बाद सोशल मीडिया पर ये खबर आग की तरह फैल गई।



रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म में अर्नोल्ड वोस्लू एक शक्तिशाली ब्रिटिश अफसर की भूमिका निभा रहे हैं- एक ऐसा किरदार जो कहानी के केंद्र में मौजूद संघर्ष को और तीखा बनाने वाला है। 1854 से 1878 के बीच के अशांत दौर पर आधारित यह पीरियड ड्रामा औपनिवेशिक शासन, जनविद्रोह और संघर्ष की पृष्ठभूमि पर बुनी गई कहानी पेश करेगी। वोस्लू की उपस्थिति न सिर्फ फिल्म की भव्यता बढ़ा रही है बल्कि यह तेलुगु सिनेमा में अंतरराष्ट्रीय सहयोग की नई मिसाल भी मानी जा रही है। इस फिल्म के साथ अभिनेता विजय देवरकोंडा और निर्देशक राहुल संकृत्यायन की जोड़ी 'टैक्सीवाला' के बाद एक बार फिर साथ काम कर रही है। फिल्म का पहला पोस्टर, जो विजय के जन्मदिन पर जारी हुआ था, उनमें एक ध्यानमग्न योद्धा-संत की छवि दिखाता है- एक ऐसा किरदार जो देवरकोंडा की अब तक की शहरी छवि से बिल्कुल अलग है। रायलसीमा की मिट्टी से निकली यह कहानी एक कठोर योद्धा की यात्रा को दर्शाने वाली है। फिल्म का निर्माण कर रहा है दक्षिण भारत की अग्रणी प्रोडक्शन कंपनी मिथ्री मूवी मेकर्स- जो बड़े पैमाने पर फिल्में बनाने के लिए जानी जाती है। सूत्रों के अनुसार, वीडी 14 को विशाल सेट, ऐतिहासिक बैकग्राउंड, गहन भावनाओं और दमदार एक्शन सीक्वेंस के साथ बनाया जा रहा है।

### भोजपुरी

## 'बाप बड़ा न भैया सबसे बड़ा रुपैया' में दो भाई और दोनों तबाही

भोजपुरी में एक्शन और इमोशन वाली फिल्मों का हमेशा से दबदबा रहा है। इन फिल्मों की एक बड़ी बात यह है कि यहां एक ही फिल्म में दर्शकों को जोरदार एक्शन, दमदार ड्रामा, भरदम रोमांस, मजेदार कॉमेडी और एक से बढ़कर एक गानों का लुत्फ मिल जाता है। इन्हीं खूबियों से सजी एक और नई भोजपुरी फिल्म 'बाप बड़ा न भैया सबसे बड़ा रुपैया' दो भाइयों की कहानी है। चुन्नू और मुन्नू दो भाई हैं और दोनों तबाही हैं। ट्रेलर धमाकेदार है और इसे यूट्यूब पर रिलीज कर दिया गया है।



मणि शंकर प्रसाद और गोपाल पाठक के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म का ट्रेलर 'चंदा' चैनल पर रिलीज किया गया है। फिल्म में आनंद देव मिश्रा और अविनाश साही लीड रोल में हैं। एसएसपी फिल्म्स एंड एंटरटेनमेंट के बैनर तले श्वेता भारती ने 'बाप बड़ा न भैया सबसे बड़ा रुपैया' को प्रोड्यूस किया है।

चार मिनट लंबे इस ट्रेलर की शुरुआत शंखनाद से होती है। एक मां जो हालात के आगे घुटने टेकने से मना कर देती है, शंख बजाती है। सामने खड़े विलेन से कहती है, 'भवानी सिंह तेरे पाप का घड़ा अब भर गया है।' कहानी में आगे हम दो भाइयों को देखते हैं। दोनों मेहनत और लगन से पुलिस में भर्ती होते हैं। एक्शन और इमोशन दोनों में इन भाइयों का जोर दिखता है। जबकि रोमांस के मामले में भी ये किसी से कम नहीं हैं।

### विंटर कैंपेन

### लाइफ स्टाइल



डैनियल ली का बरबेरी के लिए विंटर कैंपेन लंदन का एक बड़ा सेलिब्रेशन साबित हुआ। यहां फैशन शो में ट्रेंच पहने केट विंसलेट, निकोलस हॉल्ट और जोडी टर्नर-स्मिथ सहित दूसरे मॉडल नजर आ रहे हैं। ऐसे फैशन शो हर सीज़न में सेलेब्स की भीड़ को खींचते हैं। इस बार भी शो को अप्रत्याशित सफलता मिली।

## बढ़ते-बढ़ते टूट जाते हैं नाखून तो अपनाएं ये आसान उपाय

पहले महिलाएं नेचुरल तरह से नाखूनों की लंबाई बढ़ाती थीं, लेकिन अब बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल की वजह से ज्यादातर लड़कियों के नाखून काफी कमजोर हो जाते हैं, जिस वजह से ये अपने आप ही टूटने लगते हैं। अगर आपके साथ भी यही दिक्कत है तो हम आपको कुछ ऐसे उपाय बताने जा रहे हैं, जिनको अपनाकर आप अपने नाखूनों को मजबूत और खूबसूरत बना सकती हैं।

नारियल का तेल नाखूनों को अच्छी तरह से बढ़ाने का काम करता हैं। इसके इस्तेमाल के लिए आपको पर रात को सोते वक्त इस तेल से नाखूनों की मालिश करनी है। नींबू का रस विटामिन सी से भरपूर होता है। ऐसे में कम से कम दिन में एक बार नाखूनों पर नींबू का रस जरूर लगाएं नाखूनों की नींबू के रस से मालिश करें और फिर इसे गर्म पानी से धो लें। विनेगर में इसमें एंटी-फंगल गुण पाया जाता है, जिस वजह से ये आपके नाखूनों को फंगल से बचाकर उसे मजबूती प्रदान करता है। इसके इस्तेमाल से नाखूनों की लंबाई भी बढ़ती है। आप नाखूनों पर रूई की मदद से विनेगर लगाकर छोड़ दें और फिर गुनगुने पानी से हाथ धो लें। नेल पॉलिश में तमाम तरह के केमिकल पाए जाते हैं। ऐसे मे अगर आप इसका इस्तेमाल कर रहे हैं तो पहले बेस कोट जरूर लगाएं। इससे आपके नाखून केमिकल से दूरनाखूनों को टूटने से बचाने और उन्हें मजबूत बनाने के लिए आप नारियल तेल या जैतून के तेल में नींबू का रस मिलाकर मालिश कर सकते हैं। इसके अलावा, अपनी डाइट में बायोटिन और प्रोटीन युक्त चीजें जैसे अंडे, दालें, और हरी सब्जियां शामिल करें। कठोर रसायनों का उपयोग करते समय दस्ताने पहनें और नियमित रूप से नाखूनों को नम और साफ रखें।



कुछ और घरेलू उपाय में हल्के गर्म जैतून के तेल में नींबू का रस मिलाकर रोजाना रात में नाखूनों पर मालिश करें। नाखूनों पर लहसुन की कलियों को रगड़ने से वे मजबूत होते हैं। नींबू का रस नाखूनों को साफ और मजबूत बनाता है, आप इसे कॉटन से लगा सकते हैं। रात में सोने से पहले वैसलीन लगाकर सोने से नाखून सॉफ्ट होते हैं। गुनगुने पानी में नमक और नारियल तेल मिलाकर नाखूनों को उसमें कुछ देर के लिए डुबोकर रखें।

**अन्य सुझाव:** बायोटिन और प्रोटीन से भरपूर चीजें जैसे अंडे, बादाम, दूध और हरी पत्तेदार सब्जियां खाएं। पानी या कठोर रसायनों के संपर्क में आने पर दस्ताने पहनें। नाखूनों को नियमित रूप से साफ करें और तेज क्लिपर से काटें। अच्छी गुणवत्ता वाले और केमिकल-फ्री नेल पॉलिश और रिमूवर का ही उपयोग करें। रहेंगे।

## हैवी ज्वेलरी की जगह अपनाएं ऐसे गहने, नजर टिकी रहेंगी आप पर



दिसंबर का महीना शुरू हो गया है और अब कुछ ही दिनों में साल खत्म हो जाएगा। हर साल की तरह इस साल के साथ भी लोगों की अच्छी और बुरी की यादें जुड़ी हैं। भले ही साल बदल जाता है, लेकिन वो अपनी छाप छोड़ जाता है। जिस तरह से साल बदलता है, ठीक उसी तरह साल बदलने के साथ-साथ फैशन भी बदलता रहता है। फैशन में भले ही कितना भी बदलाव हो जाए लेकिन गहनों के प्रति महिलाओं का प्यार कभी कम नहीं होता। महिलाएं सभी कार्यक्रमों में खूबसूरत दिखने के लिए गहनों का इस्तेमाल करती हैं। समय के साथ-साथ ज्वेलरी के ट्रेंड में भी काफी बदलाव आया है।





अगर बात करें 2025की, तो इस साल लड़कियों से लेकर महिलाओं तक ने हैवी ज्वेलरी को छोड़ सिंपल गहनों को अपने लिए पसंद किया। आपको इस बारे में विस्तार से जानना चाहिए।

### पर्ल ज्वेलरी

पहले के समय में लोग समाज को दिखाने के लिए हैवी ज्वेलरी पहनना पसंद करते थे, लेकिन अब वो अपने लुक के हिसाब से ही ज्वेलरी कैरी करते हैं। ऐसे में इस साल महिलाओं ने एथनिक से लेकर वेस्टर्न तक के साथ पर्ल ज्वेलरी को ही चुना।

### लेयर ज्वेलरी

बहुत सी महिलाओं को हैवी ज्लेवरी पसंद है, लेकिन उसका अब ज्यादा ट्रेंड नहीं हैं। ऐसे में ये लेयर ज्वेलरी ऐसी ही महिलाओं के लिए इस साल वरदान साबित हुई। इस साल महिलाओं ने इस तरह की लेयर ज्वेलरी को काफी पसंद किया।

### डायमंड ज्वेलरी

हैवी ज्वेलरी को छोड़ अब लोगों का झुकाव डायमंड की तरफ जा रहा है। लोगों ने इस साल लगाई तक में सोने की हैवी रिंग बनवाने की बजाए इसी तरह की डायमंड अगूंठियों को चुना है।

## इस मौसम में स्टाइलिश लुक देंगे इस तरह के कपड़े

अगर सर्दी के मौसम में ठंड से बचाव नहीं किया गया तो तबियत बिगड़ने का खतरा मंडराता रहता है। इसी मौसम में सबसे ज्यादा घूमने का मन करता है। साल के अंत में पड़ने वाली ठंडी में तो कई पार्टियां भी अटेंड करनी होती हैं। ऐसे में स्टाइलिश दिखने का काफी प्रेशर होता है। लड़कों को इसके लिए ज्यादा सोचना नहीं पड़ता, लेकिन लड़कियों को इस मौसम में समझ ही नहीं आता कि वो कैसे कपड़े पहन सकती हैं। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे विकल्पों के बारे में बताने जा रहे है, जिसे कैरी करके आप अपने लुक को सर्दी के मौसम में भी स्टाइलिश बना सकती हैं।



### हैवी जैकेट

अगर आपको काफी ज्यादा सर्दी लगती है तो अपने कलेक्शन में ऐसी जैकेट को जरूर शामिल करें। ये हर तरह के आउटफिट के साथ कमाल की लगती है। इसके साथ ही इसे पहनकर लुक भी स्टाइलिश लगता है।

### लेदर जैकेट

अगर आपको हैवी जैकेट्स पहनने का शौक नहीं हैं तो ये आपके लिए एक बेहतर विकल्प है। चाहे लड़का हो या लड़की, हर किसी के पास इस तरह की लेदर जैकेट जरूर होनी चाहिए। ये सर्दी से भी बचाव भी करती है।

## नेचुरल कर्ली हेयर लुक चाहिए, अपनाएं ये टिप्स

बालों के स्टाइल को लेकर आप बहुत सतर्क रहते हैं। आपको बालों में हमेशा कुछ नया करते रहने का भी शौक है तो कभी न कभी आपको कर्ली हेयर लुक रखने का मन भी किया होगा।

अगर ऐसा है और आपके बाल कर्ली नहीं हैं तो भी आपकी ख्वाहिश पूरी हो सकती है। आपको इसके लिए कुछ बेहद छोटे-छोटे टिप्स याद रखने हैं ताकि आपको नेचुरल कर्ली हेयर लुक मिल सके। क्या करना होगा आपको, जानते हैं-

### रोज-रोज नो हेयर वॉश

आपको ये पता होना चाहिए की आप जितना ज्यादा बाल धोएंगे, बालों के कर्ल होने की संभावना भी कम होती जाएगी। बालों में मौजूद नेचुरल ऑयल के साथ बालों को हेल्थी रखते हैं। नेचुरल ऑयल के साथ बाल आपस में कुछ इस तरह से जुड़ जाते हैं कि कर्ल अपने आप ही दिखने लगते हैं। इसलिए शैंपू भी सिलीकॉन और सल्फेट वाला नहीं इस्तेमाल करना चाहिए। क्योंकि ये बालों की नामी और ऑयल छीन लेते हैं।

### कितने कर्ल कितनी बार वॉश

अलग-अलग तरह के कर्ल के लिए बाल धोने की संख्या भी बदल जाती है। ढीले कर्ल्स के लिए हफ्ते में 2 से 3 बार बाल धोए जा सकते हैं। टाइट रिंग्स के लिए हफ्ते में एक बार बाल धोएं और एक बार सिर्फ कंडिशनर कर लें।



### बड़े दांत वाला कंघा

अपने बालों में कर्ल्स जल्द से जल्द देखने हैं तो आपको ब्रश करने की बजाए बड़े दांत वाले कंघे का इस्तेमाल करना होगा।ब्रश करने से बालों के कर्ल्स खुल सकते हैं।

### बालों को खुद सूखने दें

बालों को नेचुरली सूखने देना इनमें कर्ल्स बने रहने देने का सबसे आसान तरीका है। इसलिए बालों को हेयर ड्रायर से ना सुखाएं।

### कार्नर न्यूज

### सेहत पर ध्यान रखने के साथ बनिए महफिल की शान

## सर्दी में अटेंड करनी है शादी तो ठंड से बचने के लिए अपनाएं ये तरीके, लुक भी दिखेगा स्टाइलिश

शादियों का सीजन सर्दी के मौसम में ही शुरू होता है। लड़के तो ठंड के मौसम में आराम से अपना कोट पैंट पहनकर सर्दी से बचाव कर लेते हैं, लेकिन परेशानी सामने आती है महिलाओं के सामने। दरअसल, शादी में ठंड चाहे जितनी भी हो, लेकिन उसमें भी महिलाएं स्वेटर पहनना या शॉल ओढ़ना पसंद नहीं करतीं। ऐसे में कई बार सर्द हवाओं से तबियत तक खराब होने की संभावना बनने लगती है। इसी के चलते इस मौसम में फैशन दिखाने के साथ-साथ ठंड के बचना भी बेहद जरूरी होता है। अगर आपको भी इस मौसम में कोई शादी अटेंड करनी है, जिसमें आप फैशनेबल भी दिखना चाहती हैं, तो ये लेक आपके लिए है। हम आपको कुछ ऐसे हैक्स बताने जा रहे हैं, जिनको अपनाकर आप खूबसूरत अंदाज भी दिखा सकेंगी और साथ में आपको सर्दी भी नहीं लगेगी। इन हैक्स को फॉलो करने के लिए आपको बस कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।



### लहंगा या साड़ी के साथ पहनें फुल स्लीव

अगर आप शादी के दिन लहंगा या साड़ी पहन रहीं हैं तो उसके साथ फुल स्लीव ब्लाउज कैरी करें। फुल स्लीव ब्लाउज आपको सर्दी से बचाने में मदद करेगा। हालांकि इससे ज्यादा ठंड नहीं बचेगी, लेकिन थोड़ी राहत मिल सकती है।

### लहंगा-साड़ी के अंदर पहनें थर्मल

आप चाहें तो लहंगा या फिर साड़ी के साथ अंदर थर्मल पहन सकती हैं। ये आपको पूरी तरह ठंड से बचाने में मदद करेगा। इसके साथ ही इसे पहनने से आपका स्टाइलिश भी खराब नहीं होगा।

### एथनिक के साथ पहनें जैकेट

आजकल के समय में एथनिक वियर के साथ जैकेट्स पहनने का काफी ट्रेंड है। अगर आपको ज्यादा ठंड लगती है तो लहंगा या साड़ी के साथ आप जैकेट पहन सकती हैं। ये आपके लुक को स्टाइलिश बनाने में मदद करेगा।

### ऐसे फुटवियर को चुनें

अगर आप अपने पैरों को कवर करके रखेंगी तो ठंड से बचाव हो सकता है। ऐसे में एथनिक वियर के साथ मोजरी जैसे फुटवियर का चुनाव करें, जोकि आगे से बंद हों। इसके साथ से लिए आपको मोजे भी मिल जाएंगे।

### स्नीकर्स भी पहन सकती हैं

आजकल के समय में तो लड़कियां लहंगे के साथ जूते पहनना पसंद करती हैं। आपको बाजार में अपने आउटफिट की मैचिंग के स्नीकर्स आसानी से मिल जाएंगे। आप चाहें तो इसे कस्टमाइज करा सकती हैं। अगर आपको काफी ज्यादा ठंड लगती है तो वेलवेट फैब्रिक का इस्तेमाल कर सकती हैं। लहंगे से लेकर अनारकली सूट और ब्लाउज वेलेवट हर तरह से खूबसूरत दिखेगा।

